www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhubpl1@yahoo.co.in

# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 238 । भोपाल, सोमवार 28 अगस्त 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

पलंग पर सो रही महिला को सांप ने काटा, राघौगढ़ अस्पताल से किया रैफर, रास्ते में मौत पृष्ठ 2
▪ मुंबई से आना चाहिए विपक्ष की बड़ी आवाज ▪ असुरक्षित स्त्रियां पृष्ठ 4
▪ मतदान करने का संदेश देने वाली राखी बांधकर किया जागरुक पृष्ठ 6
लोकतंत्र के लिए खतरा बन गई ईडी पृष्ठ 8

मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना सम्मेलन में दी कई सौगातें

# लाड़ली बहना योजना में अक्टूबर से मिलेंगे साढ़े 12 सौ रुपये




- शासकीय भर्तियों में 35 प्रतिशत महिलाओं को मिलेगी नियुक्ति
- राखी पर्व पर बहनों को दिया ढाई सौ रुपये का उपहार
- सावन के अवसर पर 450 रूपये में रसोई गैस सिलेण्डर मिलेगा
- सितंबर तक बढ़े हुए बिजली बिल की वसूली नहीं होगी

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को साढ़े 12 सौ रुपए प्रति माह दिए जाएंगे और शासकीय नौकरियों में 35 प्रतिशत महिलाओं को नियुक्ति दी जाएगी। शिक्षकों के पदों पर 50 प्रतिशत महिलाएं होंगी।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज जंबूरी मैदान में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन में यह घोषणाएं की। उन्होंने लाड़ली बहना योजना की पात्र हितग्राही प्रत्येक बहन को रक्षाबंधन पर उपहार स्वरूप ढाई सौ रुपए की राशि भी खातों में अंतरित की। श्री चौहान ने प्रदेश भर में सिंगल क्लिक से 312 करोड़ से अधिक की राशि खातों में भेजी। यही नहीं मुख्यमंत्री ने सावन के इस महीने में रसोई गैस सिलेण्डर 450 रुपए में देने और सितंबर तक बढ़े हुए बिजली बिलों की वसूली न करने की घोषणा की। श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों को प्रतिमाह दी जा रही 1000 रूपए की राशि के स्थान पर अक्टूबर माह से 1250 रूपये की राशि दी जाएगी। राखी पर्व पर आज प्रत्येक बहन को उपहार के रूप में 250 रूपये दिए जा रहे हैं। बहनों के खाते में दस सितंबर को योजना के एक हजार रुपए डाले जाएंगे। इसके पश्चात अक्टूबर माह से 1250 रुपए की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज प्रदेश में नारी शक्ति की आवाज गूंज रही है। आज यहां भाई बहन के पवित्र रिश्ते को प्रणाम करने आया हूँ। बहनों के बिना दुनिया आगे नहीं बढ़ सकती। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने जीवन में पैतृक ग्राम में ही बहनों के साथ भेदभाव के प्रसंग देखे। समाज में बेटों की संख्या ज्यादा होने लगी थी। महिलाओं के जीवन को सम्मानजनक बनाने के लिए तभी संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री बनने के पहले विधायक और सांसद के रूप में भी अभावग्रस्त परिवारों की बेटियों के विवाह करवाने ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्यमंत्री ने भी सुनाए राखी गीत

### फूलों का तारों का सबका कहना है, एक हजारों में मेरी बहना है

लाड़ली बहना सम्मेलन में विभिन्न गायक–गायिकाओं ने अनेक राखी गीत सुनाए। सम्मेलन की शुरूआत भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना के साथ हुई। श्री चौहान ने संबोधन के प्रारंभ में यह राखी बंधन है ऐसा गाकर सुनाया। इसके पश्चात उन्होंने बहनों को उस गीत के बोल सुनाए जिसमें भाई अपनी बहन की आंखों में आंसू नहीं देख सकता। देख ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

कांग्रेस ने किया बड़ा दावा

# 'इंडिया' गठबंधन में कुछ और दल होंगे शामिल

राजग की बैठक में शामिल हुए 38 दलों में से 4 दल 'इंडिया' के संपर्क में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस प्रवक्ता आलोक शर्मा बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत राजग की बैठक में शामिल हुए 38 दलों में से चार 'इंडिया' गठबंधन के संपर्क में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले कुछ दिनों में उनमें से कुछ विपक्षी खेमे में शामिल होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि एक सितंबर को मुंबई में होने वाली 'इंडिया' की आगामी बैठक में कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे।

आलोक शर्मा ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक में भाग लेने वाले 38 दलों में चार से पांच दल 'इंडिया' गठबंधन के संपर्क में हैं। उनमें से कुछ के बहुत जल्द विपक्षी गुट में शामिल होने की उम्मीद है, जबकि कुछ 2024 के चुनावों से पहले शामिल होंगे। कांग्रेस प्रवक्ता शर्मा ने इस सवाल का सीधा जवाब नहीं दिया कि क्या कांग्रेस महाराष्ट्र में त्रिपक्षीय महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का नेतृत्व करेगी। उन्होंने कहा, 'देश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह महत्वपूर्ण नहीं है कि कौन नेतृत्व करेगा, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि हम सब ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

अपनी किसी महत्वाकांक्षा से नीतीश का इनकार, कहा-


### मुंबई में तय होगा सीट का फॉर्मूला



**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गुट 'इंडिया' का सीट बंटवारे का फॉर्मूला मुंबई में तय किया जाएगा। सीएम नीतीश कुमार ने पटना में लोहिया पथ चक्र का निरीक्षण करने के दौरान कहा कि पद हासिल करने की मेरी कोई निजी महत्वाकांक्षा नहीं है। मैं बस सभी विपक्षी दलों को एकजुट करना चाहता हूं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि मुंबई में कुछ और पार्टियां हमारे साथ जुड़ेंगी। बैठक में यह भी तय होगा कि कौन कहां से चुनाव लड़ेगा। मुंबई मीटिंग में हर बात फाइनल हो जाएगी। मुंबई में बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को निर्धारित है और इसकी मेजबानी एनसीपी और शिवसेना-यूबीटी द्वारा की जाएगी।


## सार-समाचार

### एमएसएमई संरक्षण के लिए एकल जीएसटी दर जरूरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को ऊटी में मॉडीज चॉकलेट्स के अपने दौरे का एक वीडियो साझा किया और कहा कि यह भारत के एमएसएमई की महान क्षमता और औद्योगिक केंद्र बनाने व एकल जीएसटी दर को लागू करने का एक उल्लेखनीय प्रमाण है। हमें एमएसएमई की सुरक्षा के लिए खड़े होना चाहिए, जो भारत के विकास इंजन को चलाने की सामर्थ्य रखते हैं। एक ट्वीट में, राहुल ने कहा, महिलाओं की टीम ऊटी की प्रसिद्ध चॉकलेट फैक्ट्रियों में से एक को चलाती है।

### पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे शाह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद में गुजरात, गोवा, महाराष्ट्र और केंद्र शासित प्रदेश दादरा व नगर हवेली और दमन और दीव शामिल हैं। बैठक का आयोजन गुजरात सरकार के सहयोग से गृह मंत्रालय के तहत अंतर राज्य परिषद सचिवालय द्वारा किया जा रहा है।

### मणिपुर में लूटे गए 16 हथियार, गोला-बारूद बरामद

**इंफाल, एजेंसी।** सुरक्षा बलों ने मई से लूटे गए हथियारों की बरामदगी के लिए अपना तलाशी अभियान जारी रखा है, उन्हें मणिपुर के इंफाल-पूर्व, इंफाल-पश्चिम और कांगपोकपी जिलों में 16 अत्याधुनिक हथियार, 70 गोला-बारूद और 16 विस्फोटक मिले। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि घाटी और पहाड़ी, दोनों इलाकों में लूटे गए हथियारों की तलाश के अलावा हिंसा प्रभावित राज्यभर में वाहनों की जांच जारी है।

### नासिक में एटीएम मशीन से 28 लाख की चोरी

**नासिक, एजेंसी।** महाराष्ट्र में नासिक जिले के निफाड तालुका के पिंपलगांव बसवंत में शनिवार तड़के अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर एक एटीएम को तोड़ दिया और 28 लाख रुपए चुरा लिए। पुलिस ने बताया कि अज्ञात चोरों ने एचडीएफसी बैंक के एटीएम को तोड़ दिया और उसमें से लगभग 28 लाख नकद चुरा लिए। जानकारी के मुताबिक चोरों ने एटीएम तोड़ने के लिए कटर का इस्तेमाल किया और नकदी चुराने के लिए महंगी कारों का इस्तेमाल किया। पुलिस ने बताया कि क्लोज सर्किट टीवी कैमरे में चार चोर कैद हुए हैं।

### जब्त ड्रग को छुपाने के आरोप में एसआई गिरफ्तार

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद में एक पुलिस उप-निरीक्षक (एसआई) को छापेमारी के दौरान जब्त की गई ड्रग्स का कुछ हिस्सा छिपाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। साइबराबाद पुलिस कमिश्नरेट के साइबर क्राइम स्टेशन में कार्यरत सब-इंस्पेक्टर के.राजेंद्र ने अपने पास लगभग 1,775 ग्राम एमडीएमए रखा था। इसे वह कथित तौर पर बेचने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस अधिकारी हाल ही में एक साइबर अपराध मामले के सिलसिले में महाराष्ट्र गए थे और कुछ संदिग्धों को पकड़ा था।

संदिग्धों के घर की तलाशी के दौरान उनके हाथ एमडीएमए ड्रग वाला पैकेट लग गया और उन्होंने उसे अपने पास रख लिया था। जब्त सामान के बारे में उन्होंने उच्च अधिकारियों को नहीं बताया। इसकी जानकारी मिलने पर तेलंगाना राज्य एंटी-नारकोटिक्स ब्यूरो (टीएसएनएबी) ने जांच शुरू की। अधिकारियों ने टीएसएनएबी के निदेशक और हैदराबाद पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद को एक रिपोर्ट सौंपी। एसआई के खिलाफ रायदुर्गम पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने उनके घर से ड्रग जब्त कर शनिवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। एसआई को पहले भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। वह तब रायदुर्गम पुलिस स्टेशन में एसआई के रूप में कार्यरत थे।

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 8 की मौत



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर में रविवार को एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से कम से कम 8 लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य बुरी तरह झुलस गए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक विस्फोट सुबह करीब साढ़े दस बजे दत्तपुकुर थाना क्षेत्र के नीलगंज-मोशपोल के आवासीय इलाके में हुआ। विस्फोट से घर में आग लग गई। वहीं बुरी तरह झुलसे लोगों को इलाज के लिए बरसात अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**2 मंजिला घर जमींदोज, अन्य आवास भी क्षतिग्रस्त**

विस्फोट में आसपास के कई घरों को नुकसान पहुंचा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विस्फोट दत्तपुकुर थाना क्षेत्र के नीलगंज-मोशपोल के आवासीय इलाके में सुबह करीब साढ़े दस बजे बजे हुआ। इसके कारण दो मंजिला घर जमींदोज हो गया और आसपास के कुछ अन्य आवास क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जा रहा है कि अवैध फैक्ट्री का मालिक अज़ुइबुर रहमान गिरफ्तारी से बचने और स्थानीय लोगों के गुस्से से बचने के लिए तुरंत घटनास्थल से भाग गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने घने आवासीय इलाके में पटाखा फैक्ट्री को लेकर की गई शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया।

मुजफ्फरनगर में छात्र की पिटाई का मामला

### प्रशासन का स्कूल बंद करने का आदेश

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के खुब्बापुर गांव में स्थित नेहा पब्लिक स्कूल को बंद करने को आदेश दिया गया है। सोशल मीडिया पर एक समुदाय विशेष के छात्र की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद ये कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में देखा जा सकता है एक महिला शिक्षक एक छात्र को अन्य छात्रों से थप्पड़ लगवा रही है। वीडियो वायरल होने बाद मामले की जांच में पता चला कि स्कूल की मान्यता एक वर्ष पूर्व ही खत्म हो चुकी थी। बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2019 में स्कूल ने नर्सरी से कक्षा पांच तक की मान्यता ली था। यह अंतरिम रूप से तीन वर्ष के लिए दी जाती है। इसकी अवधि 2022 में पूरी हो चुकी है। इसके बाद प्रबंधन ने लिए मान्यता रिन्यू नहीं कराया ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

'मन की बात' की 104वीं कड़ी प्रसारित

# आत्मनिर्भर भारत हर देशवासी का अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अब रक्षाबंधन जैसे त्योहार आ रहे हैं इसलिए इन त्योहारों के दौरान 'वोकल फॉर लोकल' पर जोर दिया जाना चाहिए।

श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 104वीं कड़ी के प्रसारण में कहा की आत्मनिर्भर भारत के लिए वह कल का लोकल आवश्यक है और इसका त्योहार मनाते समय सभी को ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा, अब त्योहारों का मौसम भी आ ही गया है। आप सभी को रक्षाबंधन की भी अग्रिम शुभकामनाएं। पर्व-उल्लास के समय हमें वोकल



फॉर लोकल के मंत्र को भी याद रखना है। प्रधानमंत्री ने कहा आत्मनिर्भर भारत अभियान हर देशवासी का अपना अभियान है और जब त्योहार का माहौल है तो हमें अपनी आस्था के स्थलों और उसके आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ तो रखना ही है। अगली बार आपसे फिर 'मन की बात' होगी, कुछ नए विषयों के साथ मिलेंगें कुछ नए प्रयासों की सफलता की जी-भर करके चर्चा करेंगे।

### जी-20 देश के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जी-20 लीडर्स सम्मिट के लिए भारत पूरी तरह तैयार है और सितम्बर का महीना देश के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले महीने होने जा रही जी 20 लीडर्स सम्मिट के लिए भारत पूरी तरहसे तैयार है। इस आयोजन में भाग लेने के लिए 40 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और अनेक वैश्विक संगठन राजधानी दिल्ली आ रहे हैं।

### हिरासत में लिए राजपूत सभा के नेताओं को किया रिहा

**जम्मू, एजेंसी।** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा बुलाए गए पूर्ण जम्मू बंद के एक दिन बाद, अधिकारियों ने रविवार को युवा राजपूत सभा के हिरासत में लिए गए नेताओं को रिहा कर दिया। युवा राजपूत सभा सांबा जिले में सरोर टोल प्लाजा की स्थापना के खिलाफ आंदोलन कर रही है। जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने सरोर टोल प्लाजा और स्मार्ट इलेक्ट्रिक मीटर लगाने के खिलाफ शनिवार को बंद का आह्वान किया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने युवा राजपूत सभा के 26 नेताओं को रिहा कर दिया।

सागर में दलित युवक की हत्या पर कांग्रेस अध्यक्ष ने जताई चिंता, कहा-

# मप्र को दलित अत्याचार की प्रयोगशाला बनाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्य प्रदेश के सागर में दलित युवक की पीठ पीठ कर हत्या के मामले पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा ने राज्य को दलित अत्याचार की प्रयोगशाला बना दिया है। श्री खड़गे ने ट्वीट किया मध्य प्रदेश के सागर ज़िले में एक दलित युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। गुंडों ने उसकी माँ को भी नहीं बख़्शा। सागर में संत रविदास मंदिर बनवाने का ढोंग रचने वाले प्रधानमंत्री जी मध्य प्रदेश में लगातार होते दलित व आदिवासी उत्पीड़न एवं अन्याय पर चूँ तक नहीं करते।

### गरीबों पर बढ़ता जा रहा अत्याचार



**भोपाल, देशबन्धु।** सागर जिले में एक दलित युवक की हत्या के मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा का अनुसूचित जाति व जनजाति के गरीब लोगों पर अत्याचार बढ़ता जा रहा है। संत रविदास महाराज का मंदिर बनाने से इन गरीबों का भला नहीं होगा। इन्हें अधिकार देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वे स्वयं रक्षाबंधन पर पीड़ित परिवार से मिलने जाएंगे। सागर जिले के खुरई थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बरोदिया नौनागिर में 24 अगस्त की रात एक युवक नितिन अहिरवार की आरोपियों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात के दौरान बेटे को बचाने आई मां के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की थी। महिला को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सितम्बर के पहले सप्ताह में प्रक्षेपित होगा आदित्य एल1

- अगले दो दिनों में घोषित की जाएगी प्रक्षेपण की तिथि
- 120 दिनों में अपने निर्धारित बिंदु तक पहुंचेगा सौर मिशन

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने कहा है कि पहला आदित्य एल1 सौर मिशन सितम्बर के पहले सप्ताह में लॉन्च किया जाएगा। श्री सोमनाथ ने यहां हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा, आदित्य एल1 उपग्रह तैयार है। यह श्रीहरिकोटा पहुंच गया है और पीएसएलवी से जुड़ गया है। इसरो और देश का अगला लक्ष्य इसका



प्रक्षेपण है। प्रक्षेपण सितम्बर के पहले सप्ताह में होगा। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में इसके प्रक्षेपण की तिथि की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रक्षेपण के बाद आदित्य एल1 अण्डाकार कक्षा में जाकर 120 दिनों में अपने निर्धारित बिंदु तक पहुंचेगा। श्री सोमनाथ ने बताया कि आदित्य एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित भारतीय वेधशाला होगी और इस मिशन से वैज्ञानिकों को वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर उनके प्रभाव का अध्ययन करने में मदद मिलेगी।

### चंद्र सतह पर मापा गया तापमान, इसरो ने जारी किया ग्राफ

भारत के चंद्रयान-3 ने चांद के बारे में जानकारी देना शुरू कर दिया है। विक्रम लैंडर और रोवर प्रज्ञान पर लगे सभी उपकरण ठीक से काम कर रहे हैं। लैंडर विक्रम ने चंद्रमा की सतह के तापमान का पता लगाया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने यह अपडेट एक्स पर शेयर किया। इसरो ने बताया कि चंद्रमा की सतह के तापमान की जानकारी के लिए लैंडर विक्रम पर लगे चंद्र सरफेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट पेलोड से पहला अवलोकन किया गया। इसरो ने जो ग्राफ शेयर किया है उसके अनुसार चंद्रमा की सतह का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस है। गहराई में जाने पर तापमान तेजी से गिरता है। 80 मिलीमीटर भीतर जाने पर तापमान -10 डिग्री तक गिर जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो ऐसा लगता है कि चंद्रमा की सतह गर्मी को बनाए रखने में सक्षम नहीं है।

### जादवपुर विवि में रैगिंग रोकने पूर्व सैनिकों की तैनाती

**कोलकाता, एजेंसी।** जादवपुर विश्वविद्यालय के छात्रावास में रैगिंग के कारण हुई मौतों के मद्देनजर, विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने परिसर में 26 सीसीटीवी कैमरे लगाने और इसकी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए आउटसोर्स सुरक्षा गार्डों की जगह पूर्व सैनिकों को तैनात करने का फैसला किया है। जेयू के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, परिसर के सभी प्रवेश द्वारों और छात्रों के छात्रावास के प्रवेश बिंदु सहित परिसर के विभिन्न कोनों पर 26 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित जेयू में 10 अगस्त को एक नये छात्र का शव मिला था। सभी सीसीटीवी कैमरे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस होंगे और नेटवर्क से जुड़े होंगे जो किसी दुर्घटना की रिपोर्ट करने से पहले सभी संभावित त्रुटियों को ध्यान में रखता है और झूठे अलार्म की दर को कम करता है। ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग सुविधा वाले 26 सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनुमानित लागत लगभग 38 लाख रुपए होगी। जादवपुर विश्वविद्यालय मौजूदा आउटसोर्स गार्डों की जगह पूर्व सैनिकों की तैनाती करेगा, जिसके लिए निदेशालय पुनर्वास क्षेत्र (पूर्व) को पहले ही मांग भेजी जा चुकी है। जेयू के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि कुल 30 पूर्व सैनिकों को इस उद्देश्य के लिए प्रतिनियुक्त किया जाएगा। और ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## सार समाचार

### 30 को गुना आएंगी सामाजिक परिवर्तन यात्रा



**गुना, देशबन्धु।** हक, अधिकार और सामाजिक परिवर्तन के लिए भीम जन जागृति यात्रा 30 अगस्त को गुना पहुंचेगी। यह यात्रा ग्वालियर से होते हुए शिवपुरी, गुना, ब्यावरा और फिर भोपाल में 10 सितंबर को पहुंचेगी। यहां तुलसी नगर जयंती मैदान में जनसभा के बाद समापन होगा। यह यात्रा 30 अगस्त को गुना पहुंचेगी। जिसके लिए हमारे सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत और रहने की व्यवस्था को लेकर बैठक का आयोजन अंबेडकर भवन में किया गया। बैठक का शुभारंभ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कर किया गया। बैठक में सभी सामाजिक कार्यों के बारे में रूपरेखा बनाई गई। इस मौके पर बिंदु सिंह, राय सिंह भील, योगेश खरे, राजकुमार जाटव, बसंत खरे, पंकज कनेरिया, धीरेंद्र सिंह अहिरवार, अमित खटीक और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सगाई तोडऩे को लेकर बैठी बंजारों की पंचायत, जमकर चले लात-धूंसे

**गुना, देशबन्धु।** जिले के कुंभराज थानांतर्गत ग्राम खटकिया बंगाला में सगाई तोडऩे को लेकर बंजारा समाज की पंचायत चल रही थी। इस दौरान दोनों पक्षों में बात बिगड़ी तो जमकर लात-धूसे चले। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी हरिसिंह बंजारा निवासी ग्राम नागनपुर ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस खटकिया बंगला में उनकी जगदीश बंजारा निवासी कालापीपल से सगाई तोडऩे के संबंध में पंचायत चल रही थी। जब फरियादी ने जगदीश से सगाई तोडऩे का कारण पूछा तो जगदीश बंजारा, प्रभु बंजारा, करण सिंह बंजारा, भंवरलाल बंजारा आदि ने गाली गलौंच कर जमकर लाठी-डंडे से मारपीट की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### घर के बाहर खड़ी मोटर सायकिल चोरी

**गुना, देशबन्धु।** जिले के राघौगढ़ थानांतर्गत संजय सागर कॉलोनी से घर के बाहर खड़ी मोटर सायकिल अज्ञात चोर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी जगदीश मीना पुत्र प्रेमनारायण मीना ने बताया कि गत रात उन्होंने अपने खेत से घर आकर मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 08 जेडए 7286 घर के बाहर खड़ी कर दी थी। सुबह 4 बजे वह उठे तो बाईक गायब थी। कोई अज्ञात चोर उसे चोरी करके ले गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

# नामचीन होटल में जुआ खेलते हुए आधा दर्जन से अधिक जुआरी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** कैंट थानांतर्गत नानाखेड़ी मंडी के आगे एक होटल में जुआ खेलते हुए पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक जुआरी दबोचे हैं। इन जुआरियों में शहर के कई नामचीन लोग बताएं जाते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैंट पुलिस को गत दिवस पेट्रोलिंग करते समय मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक होटल में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं।

उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे दिलीप सोनी पुत्र रमेशचंद्र सोनी निवासी कर्नलगंज, हितेश राठौर पुत्र रामस्वरूप राठौर सिसौदिया कॉलोनी, रीतेश सोनी पुत्र राजकुमार सोनी निवासी छोटे जैन मंदिर गली, दीपक सोनी पुत्र रमेशचंद्र सोनी निवासी निचला बाजार, राजीव पंत पुत्र विजय पंत निवासीा कोल्हूपुरा, धर्मेन्द्र उर्फ नीरज ग्वाल निवासी कर्नलगंज, आर्यन पुत्र राकेश राठौर निवासी बताशा गली को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है। इन सभी जुआरियों पर पुलिस ने धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 16100 रुपए नगद एवं ताश की गड्डी बरामद की है।

### श्रीराम कॉलोनी से भी पकड़ाए जुआरी

गुना, देशबन्धु। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा श्रीराम कॉलोनी में चल रहे एक जुए के फड पर दबिश देकर आधा दर्जन के करीब जुआरियों को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि श्रीराम कॉलोनी के चौबे के बाड़े में कुछ लोग जुए का फड लगाकर जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे राशिद पुत्र वाहिद अली निवासी हड्डीमिल, यश चौबे पिता संतोष चौबे, आविद पुत्र कल्लू खान, मोहसिन पुत्र अब्दुल हमीद खान निवासीगण श्रीराम कॉलोनी, आशीष पुत्र अंगद छारी निवासी सांई सिटी कॉलोनी, फिरोज पुत्र रशीद खान निवासी रशीद कॉलोनी को पकड़ा। जिनके पास से पुलिस ने 850 रुपए नगद एवं ताश की गढ्डी बरामद की। पुलिस ने जुआरियों पर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# पलंग पर सो रही महिला को सांप ने काटा, राघौगढ़ अस्पताल से किया रैफर, रास्ते में हुई मौत



**गुना, देशबन्धु।** जिले के जामनेर थानांतर्गत ग्राम जंगारू में पलंग पर सो रही एक महिला को जहरीले सांप ने काट लिया। जिसे परिजन तत्काल राघौगढ़ अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन यहां समुचित ईलाज नहीं मिलने और मरीज को रैफर करने के कारण उसकी गुना के रास्ते में ही मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जंगारू निवासी रोशनीबाई पत्नी अखिलेश धाकड़ को शनिवार-रविवार की दरम्यानी जहरीले सांप ने पलंग पर सोते समय काट लिया। इस दौरान परिजन उसे तत्काल आधी रात को ही राघौगढ़ अस्पताल लेकर आएं। लेकिन यहां महिला को समुचित ईलाज नहीं मिला। महिला को भर्ती कर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल गुना रैफर कर दिया।

इसी दौरान सांप का जहर तेजी से महिला के शरीर में चढ़ा और उसकी गुना आते-आते मौत हो गई। महिला की दो माह की छोटी बच्ची भी है। उल्लेखनीय है कि बारिश शुरू होते ही जिलेभर में सर्पदंश के मामले तेजी से बढ़े है। सर्पदंश के शिकार बड़ी संख्या में लोगों की मौतें हुई है। जिसमें कुछ की अंधविश्वास में झाडफूंक तो कुछ की समय पर ईलाज नहीं कराने के कारण हुई है। विगत महीनों में हुई घटनाओं पर नजर डाले तो अधिकांश में सांप ने इंसान को सोते समय अपना शिकार बनाया।

# अंचल में पवित्रा एकादशी महोत्सव भव्यता से मनाया गया



गुना, देशबन्धु। अंचल में पवित्रा एकादशी महोत्सव भव्यता से मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय परिषद के तहत सत्संग मंडलों, पुष्टि भक्ति केंद्रों, वैष्णव मंदिरों में पवित्रा एकादशी पर विशेष मनोरथ एवं पुष्टि प्राकट्य महोत्सव के तहत भव्य कार्यक्रम संपन्न हुए। अंतर्राष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के प्रांतीय प्रचार प्रमुख कैलाश मंथन के मुताबिक अंचल के 127 से अधिक सत्संग मंडलों एवं केंद्रों पर पवित्रा एकादशी पर सत्संग संकीर्तन, वार्ता प्रसंग, बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अंतर्राष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के संयोजक कैलाश मंथन ने धर्म का रहस्य, भक्ति की महिमा, पवित्रा एकादशी का महत्व समझाते हुए वैष्णवों से सहज, सरल, पुष्टि भक्ति पथ पर चलकर मानव जीवन सफल बनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि पवित्रा एकादशी के तहत पवित्रा के 360 तंतुओं का समूह वर्ष के 360 दिन को प्रदर्शित करते हैं। पवित्रा एकादशी के दिन प्रभु के प्रति रेशमी पवित्रा का समर्पण एक वर्ष का पूर्ण समर्पण हो जाता है। पुष्टिमार्ग की स्थापना का मकसद सहज, सरल भक्ति भाव से संकीर्तन द्वारा भगवान कृष्ण की प्राप्ति करना है।

ध्यान रहे बमोरी अंचल में करीब एक लाख से अधिक पुष्टिमार्गीय वैष्णव हैं। अ.पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के जिलाध्यक्ष कैलाश मंथन के मुताबिक परवाह, भौंरा, बने, लालोनी, कालोनी, मगरोडा, बमोरी, ऊमरी, भिडरा, रतनपुरा, बागेरी, फतेहगढ़ क्षेत्रों में स्थापित करीब एक सैकड़ा से अधिक सत्संग मंडलों में विशेष मनोरथ आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत द्वितीय दिवस को पवित्राद्वादशी को प्रात- श्री महाप्रभु जी एवं गुरुओं को पवित्रा धराये जाएंगे। गुना शहर में श्री गोवर्धननाथ जी मंदिर, द्वारकाधीश मंदिर सहित प्रमुख वैष्णव मंदिरों में सत्संग मंडलों में पवित्रा एकादशी महोत्सव के तहत ठाकुरजी भगवान कृष्ण द्वारकाधीश जी को पवित्रा का धराये गए, वहीं ठाकुर जी विशेष श्रृंगार किया गया। सभी जगह बड़ी संख्या में वैष्णवजनों ने भागीदारी की। पवित्रा एकादशी के दिन भगवान कृष्ण श्रीनाथ जी को पवित्रा के हिंडोले में विराजमान कराया गया।

### नाबालिग युवती के साथ छेड़छाड़

**गुना, देशबन्धु।** जिले के आरोन थानांतर्गत ग्राम ढीमरयाई में घर के पास शौच के लिए नाबालिग युवती के साथ बुरी नियत से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ढीमरयाई निवासी फरियादिया ने बताया कि वह कक्षा 12 वीं की छात्रा है। गत सुबह वह अपने घर के पास बने शौचालय में शौच के लिए गई थी। इस दौरान यहां उसके ही गांव का विजयपाल पुत्र रामबाबू अहिरवार आ गया और बुरी नियत से उसके मुंह पर हाथ रख दिया। जब युवती ने आरोपी के चंगुल से छूटने के लिए चिल्लाचोंहट की तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान पास में रहने वाला नबलकिशोर आ गया तो आरोपी भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपी पर धारा 354, 506, 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### दलित महिला से छेड़छाड़

इधर आरोन थानांतर्गत ही ग्राम हापाखेड़ी निवासी एक विवाहिता के साथ बुजुर्ग ने बुरी नियत से छेड़छाड़ कर दी। आरोपी की परिवार की सदस्या गांव में सरपंच है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हापाखेड़ी निवासी फरियादिया ने अपने पति और देवर के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस उसके पति सुबह काम पर निकल गए थे। दोपहर 2-30 बजे के करीब वह घर पर अकेली सो रही थी। तभी गांव के पास कौलुआ निवासी राजासिंह पिता भैय्यालाल यादव आया और मेरे पति के बारे में पूछा। जिस पर महिला ने पति के बाहर होने की बात कही। तभी आरोपी राजासिंह ने महिला को घर में अकेला पाकर बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया। झूमाझटकी में उसके कपड़े भी फट गए। इस दौरान उसका पति आ गया तो आरोपी भाग गया। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपी पर धारा 354, 294, 323, 506 एवं एससी एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### विराट कवि सम्मेलन सम्पन्न

**राघौगढ़, देशबन्धु।** सर्व हिंदू समाज संगठन राघौगढ़ के तत्वाधान में विराट अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन राघौगढ़ में संपन्न हुआ। यह कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय कवि भुबन मोहनी, सुमित ओरछा सहित कई कवियों ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कविता का पाठन कर जनता का मन मोह लिया। कवि सम्मेलन रात्रि 8 बजे से शुरू होकर रात्रि के 3.30 बजे तक चला इस अवसर पर भाजपा जिला संगठन प्रभारी गोपाल आचार्य, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, उत्तर प्रदेश से आई विधायक ओम मणि वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, मीडिया प्रभारी विकास जैन, जिला मंत्री सुरेश रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष पवन जैन, मंडल अध्यक्ष अंकित शर्मा, कैलाश सुमन, जिला मंत्री गोविंद गुर्जर, राहुल राजपूत सहित बड़ी संख्या में राधौगढ़ विधानसभा के कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

## लाडली बहना का लालच देकर मंहगाई की मार दे रही सरकार : कांग्रेस



**आष्टा, देशबन्धु।** जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे विधानसभा क्षेत्र में भी राजनीतिक पार्टियों की गतिविधियां तेज हो गई है जगह-जगह सम्मेलन किया जा रहे हैं इसी श्रृंखला में ग्राम गवाखेड़ा में कांग्रेस पार्टी का एक कार्यकर्ता सम्मेलन रखा गया।

इस कार्यकर्ता सम्मेलन में आसपास के क्षेत्र के सभी वरिष्ठ जनों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और कांग्रेस को एकजुट करने एवं आष्टा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कैसे जीते इस पर विचार किया गया इस अवसर पर सभी कांग्रेस नेताओं ने अपनी अपनी बात रखी और सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कांग्रेस पार्टी जिस किसी व्यक्ति को भी प्रत्याशी बनाती है उसको मिलाकर जिताना है हमारा प्रत्याशी सिर्फ हाथ का पंजा होगा और हमें हाथ के पंजे को देखकर वोट देना है इस अवसर पर ग्राम गवाखेड़ा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता जो वर्षों से कांग्रेस का काम करते आ रहे हैं उनका सम्मान किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि बलबहादुर भगत जी ने कहा कि लाड़ली बहनो के लालच मे न आए। 1000 रूपये के पीछे,लाखो रूपये का कर्जा किसानो पर है। वो कर्जा आने वाली कांग्रेस सरकार ही माफ करेगी। पहले ही देश मे मनमोहन की सरकार और प्रदेश मे कमलनाथ की सरकार ने किसानो का कर्जा माफ किया है। जनता ने तो पहले भी कांग्रेस की सरकार बनाई थी। लेकिन जनता से लूटी हुई राशि से भाजपा ने विधायक खरीद कर सरकार बना ली। इस अवसर पर इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने-अपने पोलिंग बूथ पर जाकर वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाएं इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रमुख रूप से पुर्व जनपद अध्यक्ष बाल बहादुर सिंह ठाकुर वरिष्ठ कांग्रेस नेता भैया मियां पूर्व ब्लाक अध्यक्ष जावर कमल सिंह पहलवान पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सौभाल सिंह ठाकुर, अनार सिंह मेवाडा, विनीत सिंघी, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष इदरीस मंसूरी ,सुनील सेठी ,राशिद नेताजी, महेंद्र ठाकुर ,भैया एमपी, सौभाल सिंह बागैर, ठाकुर प्रसाद वर्मा, शांतिलाल मंडलोई ,डॉक्टर ओपी वर्मा ,गोरे मियां ,आत्माराम परमार,एचआर परमांल ,सलीम अंसारी, भोलू सिंह ठाकुर आरती भगोरिया ,ओम नामदेव ,शेख रईस, इमरान खान ,नारायण सिंह ठाकुर, सूरज सिंह ठाकुर ,उदय सिंह ठाकुर, हरि सिंह बोरवेल ,गोविंद प्रजापति, इकबाल खान ,मुकेश पांचाल, राकेश जेवरिया, कांग्रेस प्रवक्ता इसराइल मंसूरी, जहूर मंसूरी , मोहम्मद खालिद ,मोहम्मद सादिक ,कृपाल सिंह ठाकुर चंद्रसिंह ठाकुर, मोहम्मद इमरान डीलक्स,जीवन सिंह ठाकुर, दीपक ,कंचन ,जितेंद्र दसोंधी ,एलकार मेवाड़ा, अरविंद गुप्ता ,बलवान सिंह, एन के यादव, राहुल परमल, रामेश्वर परमार, आदि लोग मौजूद थे अंत में आभार भोलूसिंह ठाकुर एवं विश्राम सिंह ठाकुर ने व्यक्त किया।

### जीतू पटवारी का किया स्वागत



**आष्टा, देशबन्धु।** किसान नेता युवा तुर्क पूर्व मंत्री जीतू पटवारी का इंदौर से शुजालपुर जाते समय बाईपास चौपाटी पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर पर जीतू पटवारी ने कहा की चुनाव का समय नजदीक है सभी कार्यकर्ताओं को मिलजुल कर सभी गिले शिकवे भुला कर कांग्रेस के प्रति कार्य करना है । और मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य से उठाकर ऊपर लाना है महिलाओं बेरोजगारों गरीबों पिछड़ों दलित अल्पसंख्यकों की लड़ाई को लड़ना है । इस अवसर पर युवा नेता घनश्याम जांगड़ा ,अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष तौसीफ बाबा, पूर्व नपा उपाध्यक्ष खालिद पठान, खेल प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष फैजुद्दीन, नगर पंचायत कोठरी अध्यक्ष राधेश्याम दलपति कार्यक्रम के आयोजक आष्टा ब्लॉक अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शादाब अली शानू एच आर परमाल सरपंच शैलेंद्र मेवाड़ा कार्यकारिणी अध्यक्ष कमल सेठ ,चंदर ठाकुर ,धर्मेंद्र ठाकुर, भैया एमपी, कांग्रेस प्रवक्ता इसराईल मंसूरी, जहूर मंसूरी, मोहम्मद सादिक, लखन खंडारे ,नफीस शाह, अखिलेश पांडे पिंटू सोनी मनोहर पचौरी ,शंकर सक्सेना अनिल मालवीय विजय सोलंकी राहुल पटारिया अमन केजीएन बिट्टू सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे जीतू पटवारी ने शेख हसीब को कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। आभार शादाब अली शानू ने किया।

## पुलिस ने आरोपी से पिस्तोल जब्त की



**आष्टा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि आगामी चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावी कार्यवाही की जावे । सघन चेकिंग की जावे विश्वसनीय मुखबिर तंत्र तैयार किया जाकर अवैध शस्त्र रखने वालों के विरूद्ध भी प्रभावी कार्यवाही की जावे। इसी तारतम्य मे पुलिस द्वारा अवैध रूप से पिस्टल रखने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है । पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति जिसका नाम रोहित कुशवाह है जो काले तलाब पर रहता है, उसके पास अवैध पिस्टल और राउण्उ है । उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा टीम बनाकर आरोपी की धरपकड की व आरोपी की निशादेही से आरोपी से एक देशी पिस्टल एवं 02 जिंदा राउण्ड जप्त किये गए व आरोपी रोहित पिता शंकरलाल कुशवाह उम्र 21 साल निवासी काला तलाब के पास आष्टा को गिरफतार किया गया व आरोपी के विरूद्ध थाना आष्टा पर अपराध क्रमांक 501/23 धारा 25, 27 आयुध अधिनियम का पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान मे लिया गया है।

आरोपी के द्वारा पूछताछ मे बताया गया कि वह यह पिस्टल एवं राउण्ड इंदौर के मांगलियां क्षेत्र से लेकर आया था। आरोपी ने पूछताछ मे यह भी बताया कि वह दो बार थाना पार्वती क्षेत्र मे चोरी के अपराध मे भी पुलिस द्वारा पकडा जा चुका है। कार्यवाही मे निरीक्षक थाना प्रभारी आष्टा श्री पुष्पेन्द्र सिंह राठौर, उप निरीक्षक सी0एल0 रैकवार, आरक्षक जितेन्द्र, आरक्षक शिवराज, आरक्षक शेलेन्द्र, आरक्षक चेतन सैनिक कमल की सराहनीय भूमिका रही जिन्हे वरिष्ठ अधिकारी के द्वारा पुरूस्कृत किया जावेगा।

## 13 साल की उम्र अंडर-18 की नेशनल टीम का हिस्सा बने अराव मसीह



**सीहोर, देशबन्धु।** शहर के बीएसआई मैदान पर मात्र छह साल की उम्र से विकेट के पीछे और क्रीज पर विस्फोटक बल्लेबाजी करने वाले वर्तमान में भोपाल संभाग की अंडर-14 टीम के कप्तान की कमान संभालने वाले 13 वर्षीय अराव मसीह ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत नेशनल केवी क्रिकेट अंडर-18 टीम में चयन हुआ है। नन्हे क्रिकेट अराव की इस उपलब्धि पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय सहित अन्य बधाई दी है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शहर के बीएसआई मैदान पर प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जब भी प्रतिभाओं को मौका मिलता है, वह अपनी प्रतिभा के बल पर क्षेत्र का नाम रोशन करते है, मैदान पर पीपीसीए अकादमी के कोच चेतन मेवाड़ा, अतुल त्रिवेदी, मोहनिश त्रिवेदी, आदर्श राय सहित अन्य के मार्ग दर्शन में लंबे समय से बल्लेबाजी और विकेट कीपिंग करने वाले अराव मसीह को जब भी मौका मिला है उसने शानदार प्रदर्शन किया है। 13 साल के नन्हे खिलाड़ी भोपाल डिवीजन की अंडर-14 टीम में खेलते है और गत दिनों सारंग बीडीसीए अंडर 14 इंटर क्लब लीग टूर्नामेंट में ताबड़तोड़ 222 रन की शानदार पारी खेली थी, वही ग्वालियर के एलएनआईपी ग्राउंड में रीजनल स्टेट मीट के दौरान उनका चयन आगामी दिनों में होने वाली नेशनल अंडर-18 टीम के लिए हुआ है।

अराव के चयन पर एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, विरेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र रल्हन, मनोज दीक्षित मामा, मदन कुशवाहा, इरफान हुसैन, नवनीत तोमर, अनिल राय, प्रदीप आहुजा, अतुल जैन, दिग्विजय सिंह, भरत गुप्ता, रुपन व्यास, साकेत झंवर, अक्षय दुबाने, आशीष शर्मा, नागेंद्र व्यास, कमलेश पारोचे, सचिन कीर, हेमंत केसरिया, संजय पटेल, महेन्द्र शर्मा गौरव खरे, अमित कटारिया, रुपेश पारोचे, राकेश भेरवे, निखिल ठाकुर, राकेश धनगर, अतुल कुशवाहा, महेन्द्र शर्मा, सुरेश नाविक, अमित शर्मा, प्रकेंश राय, सुनील जलोदिया आदि शामिल है।

### सीहोर स्टेशन पर जल्द होगा सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज

**सीहोर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान ने रविवार को कहा कि जल्दी ही सीहोर रेलवे स्टेशन पर सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज होगा। दिल्ली पहुंचकर राज्यसभा सांसद रामचरण जी जांगड़ा को केंद्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल के नाम का ज्ञापन राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ की ओर से सोपा गया है।

राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के द्वारा सीहोर रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली सभी ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की गई है जिसमें कई सुपरफास्ट गाड़ियां भी शामिल हैं। राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री खान ने कहा कि शहर के पास कुबेरेश्वर धाम बड़ा तीर्थ स्थल बन चुका है। भगवान चिंतामन गणेश और दूल्हा बादशाह की दरगाह पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन पहुंचते हैं जिसमें कुबरेश्वर धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या तो प्रतिदिन हजारों में है। शहर के आसपास पर्यटन स्थलों पर भी लोग पिकनिक मनाने या घूमने पहुंचते हैं जिसके चलते सीहोर रेलवे स्टेशन पर सभी ट्रेनों का ठहराव होना वह जरूरी है। उन्होंने कहा कि संबंध में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी माननीय रेल मंत्री पीयूष गोयल और माननीय क्षेत्रीय सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को भी पत्र लिखा गया है।

# प्रियंका ने किया जनसंपर्क, ग्रामीणों से वन-टू-वन की चर्चा



*गुना, देशबन्धु। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए चांचौड़ा से भाजपा प्रत्याशी प्रियंका पेंची ने शनिवार को मधुसूदनगढ़ इलाके में जनसंपर्क किया। इस दौरान वे महू, बांसखेड़ी, आलमपुरा, खेरखेड़ी और उकावद गांव में पहुंची। यहां उन्होंने जनसंपर्क कर क्षेत्र ने नागरिकों से मुलाकात की। साथ ही गांव की समस्याओं के बारे में भी जाना। उन्होंने नागरिकों से वन-टू-वन चर्चा भी की। इससे पहले उन्होंने चांचौड़ा में आयोजित बाइक रैली में भी हिस्सा लिया। भारतीय जनता पार्टी चांचौड़ा विधानसभा द्वारा बाइक रैली प्रवासी विधायक मनीषा अनुरागी के नेतृत्व में निकाली गई। रैली की शुरुआत बीनागंज के संत रामानंद आश्रम से गुरुजी का आशीर्वाद लेकर शुरू हुई। रैली रामानंद संत आश्रम से शुरू होकर बीनागंज बाजार, चांचौड़ा मेन मार्केट, बीनागंज चौराहा होते हुए वापस रामानंद संत आश्रम पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। रैली में विधानसभा संयोजक प्रदीप नाटानी, जिला उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रदुमन सिंह मीना, कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष भोला सोनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, जिला मंत्री युवा मोर्चा रामनिवास मीना, राघव सोनी, प्रदीप गुप्ता, सनी जैन शामिल हुए। तय कार्यक्रम के अनुसार भाजपा प्रत्याशी प्रियंका मीना शनिवार दोपहर 1-30 बजे महू गांव में पहुंचीं।*

*यहीं से उनके जनसंपर्क कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उन्होंने ग्रामीणों से विस्तार में चर्चा की। क्षेत्र में प्रियंका मीना को जमकर समर्थन मिल रहा है। कार्यकर्ताओं से भी उन्होंने चर्चा की। इसके बाद वे बांसखेड़ी पहुंची। यहां घर-घर जाकर उन्होंने जनसंपर्क किया।*

*आलमपुरा गांव में ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक ली। खेरखेड़ी गाँव में जनसंपर्क किया। उकावद गांव में बैठक लेने के साथ ही जनसंपर्क किया। इस दौरान उनके साथ वीरेंद्र सिंह राजपूत जिला पंचायत सदस्य, कृष्ण मुरारी सोनी पूर्व मंडल अध्यक्ष, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, निरंजन प्रजापति पूर्व सरपंच मधुसूदनगढ़, हार्वेस साहू विधानसभा सोशल मीडिया प्रभारी, सूर्य प्रकाश व्यास सदस्य अंत्योदय समिति नगर परिषद मधुसूदनगढ़, खुमान सिंह गुर्जर सहित कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।*

# अज्ञात वाहन ने वृद्धा को रौंदा, मौत

## सुबह की सैर के लिए निकली थीं, घर से सौ मीटर की दूरी पर हुआ हादसा



**भोपाल, देशबन्धु।** गांधी नगर में रविवार सुबह अज्ञात वाहन चालक वृद्धा को रौंदकर फरार हो गया। हादसे के समय वृद्धा सुबह की सैर के लिए घर से निकली थीं। लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़ा देख राहगीरों और पड़ोसियों ने परिजनों को घटना की सूचना दी थी। इस पर पति-और बेटों ने मौके पर पहुंचने के बाद उन्हें पास के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शकुन बाई पत्नी सत्यनारायण शर्मा उम्र 63 वर्ष प्रताप वार्ड गांधी नगर की रहने वाली थीं। वह गृहणी थीं, जबकि उनके पति गांधी नगर में ही स्थित एक मंदिर में पुजारी हैं। शकुन बाई हर रोज सुबह सैर पर जाती थीं। रविवार की सुबह 6 बजे भी सैर पर जाने के लिए घर से निकली थीं। लौटते समय घर से करीब सौ मीटर की दूरी पर उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थीं। सुबह करीब सात बजे लोगों ने सड़क पर घायल हालत में देख उनके पति सत्यनारायण शर्मा को सूचना दी । तो उन्होंने मौके पर पहुंचने के बाद बेटे मुकेश फोन किया। मुकेश दो अन्य भाई नरेंद्र और सुक्की के साथ मौके पर पहुंचा। यहां लहूलुहान हालत में बेसुध पड़ी मां को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

इस मामले की जांच कर रहे एएसआई बाबूराम पटौदे का कहना है कि शकुन बाई के तीन बेटे और दो बेटी हैं। सभी की शादी हो चुकी है। फिलहाल वह अपने तीनों बेटे और पति के साथ रह रही थीं। रविवार दोपहर को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। टक्कर मारने वाले के संबंध में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। लिहाजा घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जाएगा।

# कम्प्यूटर ऑपरेटर भेजता था युवती को अश्लील संदेश, गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** रायसेन में एमपी ऑन लाइन में कम्प्यूटर ऑपरेटर के तौर पर काम करने वाला युवक भोपाल की खजूरी सड़क में रहने वाली युवती को अश्लील तस्वीरें व संदेश व मेल किया करता था। इस मामले की शिकायत इसी साल पीड़िता की ओर से साइबर क्राइम ब्रांच भोपाल में की गई थी। तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को रायसेन जिले से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पीड़िता का पूर्व परिचित है। डीसीपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि रायसेन में गौरव गार्डन के पीछे रहने वाला 28 वर्षीय रोहित कुमार प्रजापति कम्प्यूटर ऑपरेटर है। वह बीकाम स्नातक है। पूछताछ में उसने बताया कि पीड़िता के साथ भोपाल के एक कोचिंग संस्थान में था। दोनों यहीं एक साथ कम्प्यूटर कक्षा में जाते थे। इस संस्थान में ही दोनों के बीच परिचय हुआ था। कोर्स पूरा होने के बाद उसने लड़की से संपर्क करने का प्रयास किया। जब पीड़िता ने उसे तवज्जों नहीं दीतो उसने छात्रा को फेस बुक और मेल पर अश्लील संदेश भेजना शुरू कर दिए। इस मामले की पीड़िता की ओर से 6 मार्च को मिली शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज की गई थी। तब से ही जांच कर आरोपी तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे थे। तकनीकी जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

# अब तापमान के साथ बढ़ेगी उमस



*__भोपाल, देशबन्धु।__ वर्तमान में मध्य प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाला कोई प्रभावी मौसमी सिस्टम सक्रिय नहीं है। इस वजह से मानसून की गतिविधियां लगभग थम सी गई हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वातावरण में नमी रहने से कहीं-कहीं आंशिक बादल बने हुए हैं। लेकिन बीच-बीच में धूप निकलने से तापमान के साथ ही उमस भी बढ़ रही है। हालांकि हवाओं का रुख लगातार पश्चिमी बना रहने से नमी मिल रही है। इस वजह से तापमान में विशेष बढ़ोतरी होने की उम्मीद कम है।*

*मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी एसएन साहू ने बताया कि मानसून द्रोणिका का पश्चिमी छोर हिमालय की तलहटी में पहुंच गया है, जबकि पूर्वी छोर गोरखपुर, दरभंगा से होकर गुजर रहा है। वहीं बांग्लादेश में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है, जबकि एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में पाकिस्तान और उससे लगे पंजाब पर बना हुई है। लेकिन मौसमी सिस्टमों का मध्य प्रदेश के मौसम पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। इस वजह से मानसून शिथिल पड़ गया है, जिससे पूरे प्रदेश में वर्षा का दौर लगभग थम सा गया है। बीच-बीच में बादल छंटने लगे हैं। धूप निकलने से दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। साथ ही वातावरण में कुछ उसम भी बढ़ने लगी है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए अभी एक सप्ताह तक अच्छी वर्षा होने की उम्मीद नहीं है।*

# जेपी अस्पताल में प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला को टरकाया

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के जेपी अस्पताल में चिकित्सकों कि बड़ी लापरवाही सामने आई है। इसके तहत दर्द से तड़पती एक गर्भवती को प्रसूता विभाग के चिकित्सकों ने ये कहकर भर्ती नहीं किया कि अस्पताल का पर्चा नहीं है। इस कारण उसका प्रसव यहां नहीं कराया जा सकता है। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल के सिविल सर्जन से संपर्क किया तो उनके हस्तक्षेप के बाद अस्पताल में महिला का इलाज शुरू हो सका। परिजनों का आरोप है कि मेडिकल स्टाफ गर्भवती को दूसरे अस्पताल ले जाने का दवाब बनाता रहा।

दरअसल, नागपुर निवासी अमर ठाकरे काम के सिलसिले में भोपाल आए हैं। उनकी पत्नी शर्मिला गर्भवती हैं। शुक्रवार शाम करीब सात बजे शर्मिला को दर्द शुरू हुआ। तब वे पति के साथ जेपी अस्पताल पहुंची थीं। यहां डाक्टरों ने उन्हें देखकर कहा कि इन्हें प्रसूति होनी है। शर्मिला को बताया गया कि चूंकि आपने पहले एक बार भी जेपी अस्पताल में नहीं दिखाया है, ऐसे में आपको यहां भर्ती नहीं किया जा सकता है। किसी और अस्पताल चले जाएं। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव से संपर्क किया गया तो फिर गर्भवती को भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। इस मामले में अब जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डाक्टर राकेश श्रीवास्तव का कहना है कि जब गर्भवती महिला अस्पताल पहुंची थी, उस वक्त गर्भाशय का मुंह नहीं खुला था। इस कारण चिकित्सक भर्ती नहीं कर रहे थे। हालाकि अब महिला को भर्ती कराया गया है।

# अग्निवीर भर्ती शारीरिक प्रवीणता परीक्षा आज से

भोपाल, देशबन्धु। भारतीय सेना में अग्निवीर बनने के लिए प्रदेश के 14 जिलों के अभ्यर्थियों की शारीरिक प्रवीणता परीक्षा सोमवार से भोपाल के लाल परेड मैदान में होने जा रही है। इस परीक्षा में हर दिन 781 अभ्यर्थी भाग लेंगे। भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए नई भर्ती प्रक्रिया के तहत इस बार पहले लिखित परीक्षा का आयोजन हुआ। इसमें ग्वालियर, शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, शिवपुरी, भिंड, मुरैना, दतिया, श्योपुर, दतिया, निवाड़ी, सागर, दमोह, पन्ना जिले के अभ्यर्थी शामिल हुए। लिखित परीक्षा में 21 हजार में से 7 हजार 819 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। इन्हें शारीरिक प्रवीणता परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए। पहली बार शारीरिक प्रवीणता परीक्षा इन 14 जिलों में न होकर भोपाल में हो रही है। इसके लिए सेना के अधिकारी भोपाल पहुंच गए है।। यह परीक्षा 6 सितंबर तक चलेगी। इसमें हर दिन 781 अभ्यर्थी भाग लेंगे। भारतीय सेना ने परीक्षा के लिए सलाह जारी की है। सेना भर्ती कार्यालय के डायरेक्टर कर्नल संतोष कुमार ने बताया कि शारीरिक भर्ती परीक्षा में उत्तीर्ण कराकर पैसे ऐंठने वाले जालसाज सक्रिय होते हैं। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है। इसलिए अभ्यर्थी किसी तरह के झांसे में न आएं।

# ननि के कचरा वाहन से हो रही थी शराब की तस्करी, 2 गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** गांधी नगर थाना पुलिस ने नगर निगम के कचरा ढोने वाले वाहन से बड़े पैमाने पर अवैध शराब बरामद की है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकी मुख्य आरोपी फरार है।

गांधी नगर थाना पुलिस के मुताबिक मुखबिर से पता चला था कि क्षेत्र में नगर निगम के कचरा ढोने वाले वाहन से शराब तस्करी की जा रही है। सूचना की तस्दीक करने के बाद गांधी नगर बाजार के आसपास निगरानी बढ़ा दी गई थी। वहां पहुंचे नगर निगम के पीले रंग के वाहन को संदेह के आधार पर रोका गया। तलाशी के दौरान इसमें रखे काले रंग के बड़े बैग और सफेद रंग की बोरी में अवैध शराब रखी पाई गई। पुलिस ने 435 क्वार्टर जब्त कर आरोपी दीपक चोटेले एवं भारत जाटव को गिरफ्तार कर कचरा वाहन को जब्त कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने बताया कि उक्त अवैध शराब गांधी नगर निवासी बबला के लिए लेकर जा रहे थे। हालांकि शराब पकड़े जाने की भनक लगते ही बबला फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रह ीहै।

## मादक पदार्थ तस्करी में दो वर्ष से फरार बदमाश गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी में दो साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच पुलिस ने चार साल पहले श्यामपुर सीहोर के रहने वाले मंगदास बैरागी और रमीउ्दीन को गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से 30 किग्रा गांजा बरामद किया गया था। इस मामले में उसे अदालत से जमानत मिल गई थी। इसके बाद मंगलदास बैरागी अदालत में पेशी आ रहा था करीब दो साल से अदालत आना बंद कर दिया था। कोर्ट ने उसका गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया था। पुलिस को उसके श्यामपुर में होने की जानकारी मिली थी। इस पर घेराबंदी कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि आरोपी ट्रक चालक बन गया था। अब पुलिस उससे अन्य तस्करी के मामले में पूछताछ की जा रही है।

# खाद्यान्न दुकानों की जांच जारी, नमूने लिए

**भोपाल, देशबन्धु।** रक्षाबंधन पर्व को दृष्टिगत कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा मिष्ठान्न निर्माता एवं विक्रेता प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है । इस दौरान यहां से खाद्य सामग्रियों ने नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए भेजा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र वर्मा ने बताया कि विभाग के दल ने कुबेर डेयरी, गुलमोहर त्रिलंगा से मथुरा पेड़ा, मावा, चमचम, नमकीन, मां कर्मा स्वीट्स् छोला रोड़ बृज स्वीट्स् मनीषा मार्केट शाहपुरा से मलाई बर्फी, रसगुल्ला, इलाइची बर्फी, गुलाब जामुन, मिल्क केक, नमकीन, मथुरा पेड़ा, इलाइची पेड़ा, इलाइची बर्फी, मठरी, छप्पनभोग चूना भट्टी, देव रेस्टोरेंट भानपुर से मावा पेड़ा, मलाई टिकिया, मिल्क केक, नमकीन, राजस्थान स्वीट्स, गुलमोहर, त्रिलंगा, बाबूजी स्वीट्स् एण्ड डेयरी, कैंची छोला से इलाइची पेड़ा, अंजीर बर्फी, मावा बर्फी, नमकीन मावा, सोन पपड़ी, चाहत स्वीट्स् मीनाल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, कुबेर डेयरी अरेरा कॉलोनी से मलाई पेड़ा, बेसन लड्डू, नमकपारे, सोनपपड़ी मावा, पनीर, बादाम बर्फी, नवरंग नमकीन, रिलाइंस रिटेल लि. ऑरा मॉल गुलमोहर से बेसन लड्डू, सोनपपड़ी, श्रीराम डेयरी फार्म छोला नाका से मावा, सोनपपड़ी से नमूनें लिये गये। श्री वर्मा के लिये गये नमूने विश्लेषण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं । नमूने के अवमानक अथवा मिलावटी पाये जाने खाद्य संरक्षा और मानक अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार न्यायालयीन कार्यवाही की जायेगी ।

# सिंधी फिल्म डेवालो का पोस्टर और टीजर पेश




**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** छा ईहो ई प्यार आ (क्या यही प्यार है) और शल याद रखूं ( काश याद रखते) जैसी सिंधी फिल्म का निर्देशन कर चुके प्रेम सावलानी हर्ष मूवीज़ एंड इंटरटेनमेंट के बैनर तले एक नई सिंधी फिल्म डेवालो (दिवालियापन) का निर्माण किया गया है। रविवार को इस फिल्म का पोस्टर एवं टीजर की प्रस्तुति का कार्यक्रम भोपाल के एक होटल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख से चन्द्रर लालचंदानी, मनीष दरयानी, तुलसी नैनवानी, डॉ. परमानंद राजानी, राजेंद्र मनवानी, रवि आनंद, कविता इसरानी, विजय पाहूजा,सहित सिंधी समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुये थे।

इस फिल्म के निर्माता प्रेम सावलानी, अशोक मूलचंदानी, विशाल मूलचंदानी एवं निर्देशक प्रेम सावलानी है एवं लेखन मुरली बलवानी ने किया है। इस फ़िल्म में समाज एवं देश की एक ज्वलंत समस्या को दिखाया गया है ,जो है किसी भी व्यक्ति द्वारा स्वयं को दिवालिया घोषित कर देना। फ़िल्म में दिवालिया होने के कारणों एवं परिणामों को दर्शाया गया है। इस फिल्म की कहानी कुछ व्यापारियों के इर्द गिर्द घूमती है, जिनका आपस में वित्तीय लेनदेन चलता रहता है और यही सब बड़े व्यवसायी बाज़ार से लिये हुये कर्ज़ के पैसों से अपने परिवार के गैर जरुरी अरमान पूरे करते है, व्यवसाय के अलावा अन्य जगहों पर पैसा लगाते हैं, और इस तरह एक दिन दिवालिया देने की स्थिति आ जाते है। इस फिल्म का विषय गंभीर ज़रूर है पर इसमें नई पीढ़ी और परिवार के मनोरंजन का ख्याल भी रखा गया है। साथ ही जीवन मूल्यों के अनुभवों का आनंददायक मिश्रण है, जिसे बहुत ही खूबसूरती से पेश किया गया है। इस फिल्म में तीन गीत है, जिसे मुरली बलवानी, सर्जन श्रीवास्तव ने लिखा है, और इसको नरेश गिदवानी, शुभम नाथानी और सर्जन श्रीवास्तव ने अपनी आवाज़ दी है। इसके डीओपी पंकज धींगड़ा है, इसका संपादन सचिन गौर ने किया है और संगीत यश सोनी ने दिया है। इस फिल्म में कलाकार गुलशन शेवानी, जेसिका जनयानी, हर्ष सावलानी, नम्रता थावानी, कशिश गंगवानी, रतन रंगवानी, कुमार किशन, गुल, पहलाजानी, कविता इसरानी, सुरेश परवानी, परसों नाथानी, कमलेश नाथानी, भारती ठाकुर, मीता जेसवानी ने अभिनय किया है। यह सभी कलाकार अनुभवी होने के साथ टीवी शो में एवं वेब सीरिज़ में कार्य कर चुके है।

# मृगनयनी में सलवार सूट की नई श्रृंखला



**भोपाल, देशबन्धु।** मप्र हस्तशिल्प एव हाथकरघा विकास निगम के मृगनयनी एम्पोरियम में परम्परागत कपड़ों की नई श्रृंखला में बाग बाटिक, इंडिगो डाबू प्रिंट और चन्देरी, महेश्वरी के सिले सिलाये एवं परम्परागत परिधानों की वेराइटी में सिफॉन दुपट्टा पटियाला एवं अनारकली तथा गरारा सरारा नई श्रृंखला अब उपलब्ध है। नई श्रृंखला का शुभारंभ आयुक्त म.प्र. हस्तशिल्प विकास निगम तथा हाथकरघा श्रीमती सुफीया फारूकी ने किया है। मालवा अंचल की छपाई तथा वारासिवनी चंदेरी महेश्वर की बुनाई के साथ जरी जरदौजी की कढ़ाई खास है। इस अवसर पर उज्जैन से मो. मोहम्मद मेहमूद, अयूब जावेद खत्री, मो. अब्दुल राशिद चंदेरी एवं मोहन श्याम धुर्वे उपस्थित थे।

# रग्बी कार्निवल प्रतियोगिता में खेले गए क्वार्टर फाइनल



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में एलएनसीटी खेल मैदान में आयोजित की जा रही सब जूनियर एवं जूनियर मध्य प्रदेश रग्बी कार्निवल प्रतियोगिता में आज सब - जूनियर बालक वर्ग के पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले मे शाजापुर ने बुधनी को 20-0 से, दूसरे चार्टर फाइनल मुकाबले में एकलव्य स्कूल शाजापुर बी ने शाजापुर डिस्ट्रिक्ट को 5-0 से, तीसरे चार्टर फाइनल मुकाबले में मंदसौर ने रतलाम को 5-0 से, चौथे चार्टर फाइनल मुकाबले मे देवास ने एकलव्य स्कूल शाजापुर सी को 15-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

जूनियर बालक वर्ग पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में देवास ने रतलाम को 5-0 से, दूसरे चार्टर फाइनल मुकाबले में नर्मदापुरम ने बैतूल को 5-0 से, तीसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मंदसौर ने बुदनी को 5-0 से, चौथे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शाजापुर ने सीहोर को 10-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के दौरान भारतीय रग्बी टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके शमशेर सिंह अंतर्राष्टीय रग्बी खिलाड़ी को सम्मानित किया गया एवं उन्होंने सभी खिलाड़ी से परिचय प्राप्त कर अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए जिला सचिव संदीप जाधव देवास, अर्जुन पाटीदार शाजापुर, महेश सोंधिया रायसेन, सत्येंद्र सिंह सिवाच सीहोर, जेनुअल उबेदीन मंदसौर,आराधना बौरासी रतलाम, सचिन पुरवइया नर्मदापुरम,अमित कुमार बैतूल, राम किशोर सोनी जबलपुर को सम्मानित किया गया।

# नन्हें बच्चों ने अपने हाथों से बनाई राखियां



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** भाई बहिन के अमिट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन उत्साह से मनाने की तैयारियां शुरू हो गई है। पर्व की पूर्व बेला में संत हिरदाराम नगर के नन्हें बच्चों ने अपने हाथों से रंगबिरंगी राखियां बनाई। सुधार सभा ने बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए यह आयोजन किया था। राखी बनाओ उत्सव में खासतौर पर कम आयु वर्ग की छात्राओं को राखियां बनाने का अवसर दिया गया। छात्राओं ने रेशम के धागे, जरी एवं फोम आदि से राखियां बनाई। कुछ छात्राओं ने ग्रीटिंग कार्ड बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सुधार सभा के महासचिव विष्णु गेहाणी ने बताया कि कई छात्राओं ने स्व प्रेरणा से राखी उत्सव में भाग लिया। छात्राएं बहुत उत्साहित नजर आई।

# प्रतियोगिता में अव्वल के प्रतिभागियों का सम्मान



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** बजरंग सेना समिति द्वारा सावन मास की पुत्रादशी एकादशी पर माँ काली मंदिर हलालपुर में समिति के अर्चक पुरोहित पं. राज कुमार गर्ग के सानिध्य में भगवान शिवजी को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का छप्पन भोग लगाया गया एवं पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव माधू चांदवानी, पार्षद अशोक मारण, सबधाणी कोचिंग के डायरेक्टर आनंद सबधाणी ने राखी प्रतियोगिता में अव्वल आए प्रतिभागी प्रथम शिवानी शर्मा, द्वितीय प्रांजल एवं तृतीय गीता को पुरस्कार से नवाजा। इस अवसर पर बजरंग सेना समिति की अनुशंसा पर जीतू शिवनानी को उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त कर बधाई दी गयी। समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि आगामी प्रतियोगिता इको फ्रेन्डली गणेश घर से जो बनाकर लाएगा उसे प्रथम पुरस्कार एक हजार रुपए,द्वितीय 500 रुपए तृतीय एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में गुरुकृपा सेवा समिति के अध्यक्ष महेश गुरबानी, शमी गंगवानी, बजरंग सेना समिति के प्रभु मूलचंदानी, राज बिजोरिया, राजेश केवलानी, राजकुमार धानुक, प्रेम अहिरवार, रेवाचंद सबनानी, रमेश रजक, मोहन अहिरवार भैयालाल मैहर संजय बाल्मीकि, अजय बाल्मिकी आदि उपस्थित थे।

# संविधान और सद्भाव बचाने के लिए एकजुट हों : सिद्दीकी

## नफरत हराओ -सदभावना और संविधान बचाओ सम्मेलन संपन्न



**भोपाल, देशबन्धु।** जब देश आजादी की लड़ाई लड़ रहा था, तब जो ताकतें अंग्रेजों की गुलामी कर रही थी और माफीनामा देकर पेंशन पा रही थी, वहीं ताकतें आज सत्ता में हैं और फिर से देश के संविधान, धर्मनिरपेक्ष ढांचे और जनतंत्र के लिए खतरे पैदा कर रहे हैं। वामपंथी धर्मनिरपेक्ष दलों की ओर से गांधी भवन में आयोजित नफरत की राजनीति हराओ सद्भावना और संविधान बचाओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्टीय जनता दल के राष्टीय प्रधान महासचिव और बिहार के पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी ने यह बात कही।

श्री सिद्दीकी ने कहा कि बिहार की जनता ने तो भाजपा को किनारे करने का मन बना लिया है। यदि मध्य प्रदेश की जनता भी दो माह बाद होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा को बाहर का रास्ता दिखा देती है तो 24 में देश नफरत की राजनीति से मुक्त हो जाएगा। यह सम्मेलन मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, राष्टीय जनता दल और समानता दल की ओर से आयोजित किया गया था।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने कहा कि उनका हिंदूराष्ट सिर्फ मुसलमानों या अल्पसंख्यक समुदायों के ही खिलाफ नहीं है, बल्कि मनुवादी वर्ण व्यवस्था के तहत दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और महिलाओं के भी खिलाफ है। यह भाजपा की सरकार ने पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण को 27 से घटाकर 14 प्रतिशत किया है। इसी सरकार में सागर में दबंग, दलित बेटे की हत्या कर मां को निर्वस्त्र कर देते हैं। सीधी में आदिवासी के चेहरे पर पेशाब करते हैं और सिंगरौली में भाजपा विधायक का बेटा आदिवासी पर गोली चलाता है और विदिशा में दलित की मृत्यु के बाद उसके शव को श्मशान में जलाने से रोक दिया जाता है।

माकपा नेता ने कहा कि संविधान को बचाने और नफरत की राजनीति को रोकने के लिए सॉफ्ट हिंदुत्व का रास्ता खतरनाक भी हो सकता है। आरएसएस से वैचारिक लड़ाई लड़ना होगी और यह लड़ाई लड़ने के लिए ही यह दल एक साथ आए हैं। लेकिन हमारा पहला काम भाजपा की हार को सुनिश्चित करना होगा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाकपा के वरिष्ठ नेता अजीत जैन ने संविधान और संवैधानिक संस्थाओं और न्यायपालिका पर बढ़ते खतरों को उजागर करते हुए कहा कि फाइनल से पहले सेमीफाइनल में भी भाजपा की हार सुनिश्चित होनी चाहिए। इसलिए विधान सभा चुनावों में भी भाजपा को हरा कर संविधान और सदभाव बचाया जा सकता है।

समानता दल के प्रदेशाध्यक्ष इंजीनियर महेश कुशवाहा ने सभी भाजपा विरोधी ताकतों को एकजुट होने का आह्वान किया और चौतरफा एकजुट लड़ाई पर बल दिया। सम्मेलन में राष्टीय जनता दल के उत्तर प्रदेश के नेता अशोक सिंह भी उपस्थित थे। सम्मेलन की अध्यक्षता चार सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने की। जिसमें मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के बादल सरोज, भाकपा के शैलेंद्र कुमार शैली, राष्टीय जनता दल के मोनू यादव और समानता दल के महेश कुशवाहा शामिल थे।

भोपाल, सोमवार 28 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## बच्चों तक फैलता नफ़रत का ज़हर

किसी भी सभ्य व्यक्ति को भीतर तक हिलाकर रख देने वाले मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के एक गांव के स्कूल के वायरल वीडियो ने बतला दिया है कि परस्पर घृणा का जहर बच्चों की नसों में तक दौड़ रहा है। इसमें एक निजी स्कूल की पांचवी कक्षा के बच्चे शिक्षिका के निर्देश पर एक मुस्लिम बच्चे को थप्पड़ मार रहे हैं। उस निरीह बच्चे की गलती मामूली सी रही होगी। शायद होमवर्क पूरा न करने या छोटी-मोटी शरारत की। जब बच्चे को उसके अन्य सहपाठी एक-एक कर थप्पड़ जड़ रहे थे तो वह शिक्षिका मुस्लिमों के खिलाफ सतत उवाच कर रही थी। वह बच्चों को और जोर से मारने के लिये भी उकसा रही थी। एक बच्चे को उसकी धार्मिक पहचान के आधार पर पिटवाना यह बताने के लिये काफी है कि ज़हर की खेती का रकबा लगातार बढ़ रहा है और हमारे राजनीतिज्ञ इतनी फसल ले लेना चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ियों तक को कमी न रहे। रूह कांप जायेगी यह सोचकर कि जिस बच्चे ने मार खाई और जो बच्चे अपने अल्पसंख्यक मित्र को सहर्ष पीट रहे हैं, दोनों किस मानसिकता के साथ बड़े होंगे और कैसा समाज रचेंगे।

अगर इस नफ़रत के स्रोत और जिस रास्ते से चलकर वह पीटने वाले बच्चों के दिलो-दिमाग में जा समाई है, उसकी शिनाख़्त करें तो कुछ बातें साफ हैं। पहली यह कि गैर बराबरी पर आधारित हमारी सामाजिक संरचना में एक-दूसरे के लिये नैसर्गिक आदर व सहज प्रेम का अभाव तो रहा है जो कहीं-कहीं तीव्र घृणा के स्तर तक पहुंच जाता है, तो भी देश के कुछ धर्म प्रवर्तकों, बड़े चिंतकों, दार्शनिकों, समाज सुधारकों, साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और राजनैतिक नेतृत्व करने वाले लोगों ने इसका असर अधिक नहीं होने दिया था। तमाम तरह की वैचारिक विभिन्नताओं और विविधतापूर्ण जीवन शैलियों के बीच बने-बढ़े समाज ने मान्यताओं व नज़रियों के अंतर के साथ जीना सीख लिया था। यहां तक कि हिन्दू धर्म से एकदम अलग तरह के धार्मिक विश्वासों को लेकर आये ईसाइयों, मुसलमानों, यहूदियों, पारसियों आदि के साथ भी यहां के लोग थोड़ी बहुत खटपट के साथ जीते हुए समावेशी समाज का ताना-बाना बचाये व बनाये रखने में कामयाब रहे। इसका सबसे बड़ा कारण यही था कि बहुतायत वाले इसी हिन्दू धर्म से बौद्ध, जैन एवं सिख धर्म निकले, अनेक तरह के सम्प्रदाय बने और कई तरह की उपासना पद्धतियां निर्मित हुईं; पर सभी की आपस में निभती रही। इसी बहुरंगी समाज ने भारतीय कुनबे को शक्तिशाली बनाया जो जीवन के सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ता रहा, फिर वह चाहे वे कलाएं हों या साहित्य, विज्ञान हो अथवा दर्शन।

भारत में विविधता के बीच जो एकता थी, उसने फिरंगियों के खिलाफ स्वतंत्रता पाने के पहले संग्राम को मिल-जुलकर लड़ने की प्रेरणा दी। इसकी नाकामी के बावजूद एक संगठित समाज फिर से बना जिसने अपनी आजादी की लड़ाई के लिये खुद को नये सिरे से तैयार किया। महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता की राह पर देश के प्रमुख सम्प्रदायों- हिन्दुओं एवं मुसलमानों को साथ लिया लेकिन दोनों समुदायों के बीच मौजूद फिरकापरस्त तत्वों ने परस्पर वैमनस्यता को हवा दे दी। मुस्लिम लीग ने अपने लिये अलग देश बनाया और भारत में हिन्दू महासभा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने देश के बंटवारे के बाद भी साम्प्रदायिकता नहीं छोड़ी। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इस खाई को खत्म करने के लिये विकास व खुशहाली को हथियार बनाया। जो कट्टर तत्व सत्ता से दूर रहे वे उस तक पहुंचने के लिये घृणा के मार्ग पर चलते रहे और यह भी मानते रहे कि अलग धर्म के अनुयायियों के खिलाफ हिंसा अपनाने में कोई बुराई नहीं। इसकी प्रेरणा भी उन्हें उसी धर्म से मिलती रही जिसे कतिपय अपरिहार्य कारणों से मध्य युग में युद्ध का सहारा लेना पड़ा था।

बहरहाल, सभी धर्मों की कट्टरता को पूर्ववर्ती सरकारों ने दबाये रखा। बेशक, कई प्रकरणों में उन्हें सफलता नहीं मिली पर नफरत व हिंसा का समर्थन किसी भी सत्ता ने कभी नहीं किया। यह हाल का फिनोमिना है। आरएसएस की राजनैतिक विंग भारतीय जनता पार्टी की ताकत बढ़ने के साथ यह भावना बढ़ी, साथ ही साम्प्रदायिक हिंसा व घृणा आधारित घटनाएं भी। 1991 में अयोध्या की बाबरी मस्जिद को ढहाया गया और उसके कारण भाजपा ताकतवर होती चली गई, तो इस फार्मूले को आगे भी अपनाये जाने हेतु धर्म राजनैतिक विमर्श के केन्द्र में आ गया। जब धर्म आ ही गया तो साम्प्रदायिक सोच पर आधारित सियासत का बोलबाला हुआ जिसके दो पाये घृणा व हिंसा ही हैं। 2002 में गुजरात का गोधरा कांड अंततः भाजपा को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में पहली तथा 2019 में दूसरी बार सत्ता के शीर्ष पर बिठाने में कामयाब रहा।

अब यही देश का नया राजनैतिक विमर्श है। तमाम तरह की नीतियों व योजनाओं की नाकामयाबी के बाद भी सत्ता में बने रहने के लिये सामाजिक ध्रुवीकरण भाजपा के लिये अपरिहार्य हो गया है। उसके पिछले करीब 9 वर्षों के कार्यकाल में हिन्दू-मुस्लिम, भारत-पाकिस्तान, श्मशान-कब्रिस्तान, नमाज़ बनाम हनुमान चालीसा, कपड़ों से पहचान- जैसे मुद्दे सिर चढ़कर बोल रहे हैं। मुजफ्फरनगर, कैराना या दिल्ली के दंगे हों अथवा हाल में हुई मणिपुर, नूंह की वारदातें या फिर जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस में मुस्लिमों को चुन-चुनकर मारना- सारी उसी सामाजिक-राजनैतिक विमर्श की किश्तें हैं। नेता हो या प्रजा, महिलाएं हों या पुरुष, बच्चे हों या शिक्षक- सत्ता के साथ सभी ने इस संस्कृति को आत्मसात कर लिया है। हर कोई यही होता देख रहे हैं। मुजफ्फरनगर की इस घटना से सावधान होने की ज़रूरत है क्योंकि पानी अब खतरे के निशान से ऊपर बहने लगा है।

# मुंबई से आना चाहिए विपक्ष की बड़ी आवाज

संयोजक बनाना, 11 सदस्यीय संचालन समिति बनाना, लोगो इशु करना सब अच्छी बात है। एक दो और दलों का भी शामिल होना और अच्छी बात है! मगर जनता के लिए सबसे बड़ी बात यह है कि उसे देने के लिए आप क्या घोषणा करने वाले हैं?

कामन मिनीमम प्रोग्राम अलग बात है। वह बड़ा फलसफा होता है। यहां मुंबई से 1942 की तरह घोषणा होना चाहिए- 'सरकार छोड़ो!'

मुंबई अधिवेशन था तो कांग्रेस का मगर आज की तरह उस समय भी सारी जन समर्थक ताकतें एक हो गई थीं और अंग्रेजों के बढ़ते जुल्म से त्रस्त जनता कांग्रेस की तरफ उम्मीद भरी निगाह से देखने लगी थी। इधर-उधर की बातों, घुमा-फिराकर कहने का समय चला गया था। सीधी कार्रवाई, डायरेक्ट एक्शन का वक्त आ गया था। महात्मा गांधी के आंदोलन शुरू करते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। और फिर पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसी अगस्त महीने की 8 तारीख को मुबंई में वह ऐतिहासिक हुंकार भरी- 'अंग्रेजों भारत छोड़ो!'

समय अब कम बचा है। छह महीने बाद मार्च में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी और जिस तरह की चर्चाएं राजनीतिक क्षेत्रों और ब्यूरोक्रेसी में चल रही हैं उन्हें देखते हुए तो कहा जा सकता है कि चुनाव जल्दी भी हो सकते हैं। कभी भी। मोदी सरकार का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है। 'इंडिया' का ग्राफ चढ़ रहा है। इससे पहले कि इंडिया गठबंधन ज्यादा ताकतवर बने प्रधानमंत्री मोदी चुनाव करवा सकते हैं।

इसलिए इस मुंबई बैठक को विपक्ष को बहुत गंभीरता से लेने की जरूरत है। दो स्तरों पर काम करने की जरूरत है। एक नफरत और विभाजन के खिलाफ कड़ा मैसेज देने की। दूसरे सारी जनता की चाहे वह गरीब हो या मध्यम वर्ग हो उसकी आर्थिक मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं उसके लिए सरकार में आने के बाद हम क्या करेंगे उनकी जिन्दगी कैसे आसान होगी इसकी दो-तीन बड़ी घोषणाएं! राहुल की गारंटी की तरह जो उन्होंने कर्नाटक में दी थीं और नतीजे में उन्हें वहां जीत मिली। ऐसे ही मुंबई से नए बने संयोजक को घोषणा करना चाहिए।



शकील अख्तर

**सबसे पहले हिन्दू-मुसलमान का नशा उतारना पड़ेगा। इसके उतरते ही दलित के पिछड़े के समझ में आ जाएगा कि नफरत का शिकार वह भी हो रहा है। सवर्णों के भी समझ में आ जाएगा कि उन्हें कुछ नहीं मिल रहा है और हमले उन पर भी हो रहे हैं। क्योंकि जो नफरती मानसिकता बना दी गई है वह केवल मारो, अपमान करो ही जानती है। नफरत खतम हो जाएगी सब की जिन्दगी वापस खुशहाल हो जाएगी।**

इंडिया के पास नेता अच्छे हैं। जनता का समर्थन है। बस एक क्लिक की जरूरत है। संयोग है कि 81 साल बाद विपक्ष की बैठक मुंबई में ही हो रही है। सब को वह इतिहास याद होगा। इन 26 दलों में जो 31 अगस्त मुंबई बैठक तक 27, 28 भी हो सकते हैं और उसके बाद भी इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा सकती है। क्योंकि यह विनिंग काम्बिनेशन (जीत रहा गठबंधन) है कोई ऐसा नहीं है जो आजादी के लिए किए गए संघर्षों और त्यागों को नहीं जानता हो। अच्छा है वे सब सामने खड़े हैं विरोध में हैं जो इस तरह की बातें करते हैं कि 1947 में अंग्रेज खुद ही अगस्त की गर्मी और उमस से परेशान होकर चले गए थे। जनता ने कोई स्वतंत्रता संग्राम नहीं लड़ा और वैसे भी आजादी 2014 में मिली। उससे पहले तो और यह खुद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत में पैदा होना शर्म की बात होती थी। मतलब आज जिसकी उम्र 9 साल है उससे बड़े सब जिसमें उसके माता-पिता भी शामिल हैं किसी मतलब के लोग नहीं थे। केवल शर्म से सिर झुकाए लोग थे। और यह भी प्रधानमंत्री जी ने ही कहा था कि सोचते थे किस बेकार देश में पैदा हो गए!

तो साढ़े 9 साल इन बातों में निकल गए। जनता को कुछ नहीं मिला। सिवा नफरत के। गरीबी बढ़ने के। सरकारी चिकित्सा, शिक्षा खत्म होने के। नौकरियां जाने के।

आदमी को आदमी का दुश्मन बना दिया है। हर कोई हर किसी से लड़ रहा है। मणिपुर में तो गृह युद्ध छेड़ ही दिया। बाकी देश में भी कई कई स्तरों पर उसी तरह का विभाजन कर दिया। मुसलमानों के साथ तो हो ही रहा है। मगर दलित, आदिवासी, पिछड़ों के साथ कई गुना बढ़ गया। बच्चों तक में साम्प्रदायिकता भर दी। एक बच्चे को टीचर द्वारा दूसरे बच्चों से पिटवाने का दृश्य किसी को भी विचलित कर सकता है। उत्तर प्रदेश के ही एक पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने कहा कि- अगर ये मेरा बच्चा होता तो मैं क्या कर देता कह नहीं सकता। वीडियो देखने के बाद रात भर सो नहीं पाया।

यही सच्चाई है। राममनोहर लोहिया ने एक बार जयप्रकाश नारायण को लिखा था कि- यह बात आप ही कहें। जनता सुनेगी। आप परिवार वाले आदमी हैं। मैं तो अकेला हूं। (लोहिया अविवाहित थे)

उस बच्चे का दर्द हर मां-बाप अगर वह इन्सान है तो उसके दिल में उतर गया होगा। ऐसे ही नफरत का जहर हर तरफ फैल गया है। अभी मुज्जफरपुर का दर्द कम नहीं हुआ था कि मध्यप्रदेश सागर में एक 18 साल के दलित लड़के के पीट-पीट कर मार डाले जाने की खबर आ गई। युवक नितिन अहिरवार को बचाने आई उसकी मां को भी मारा और फिर नफरत इतनी कि मृतक के घर जाकर तोड़फोड़ की। इससे पहले मध्यप्रदेश का ही एक वीडियो और आया जिसमें दलित युवा को मारते हुए पहले उससे जय श्रीराम कहलवाया गया और फिर कहा बोलो ठाकुर तुम्हारे बाप हैं। यह घृणा और विभाजन की राजनीति ही है। इतनी घटनाएं हुई हैं कि गिनना मुश्किल है और सब के साथ। मध्य प्रदेश के सीधी में आदिवासी के सिर पर भाजपा विधायक के प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला ने पेशाब करके एक नई शुरूआत की थी। वह आगे बढ़ गई। छतरपुर में पुलिस ने एक पत्रकार मिंटू दुबे के मुंह पर पेशाब किया और जेल पहुंचा दिया। वहां नफरत के मारे ब्राह्मण ने पेशाब किया था यहां ब्राह्मण पर पेशाब किया गया। नफरत क्या किसी को छोड़ती है? जो जहां कमजोर होगा वह शिकार बनेगा और इसके उलट प्रेम जो जहां कमजोर होगा वह ज्यादा प्रेम पाएगा।

जातिगत जनगणना के आंकड़े आ जाने दीजिए। मालूम पड़ जाएगा कि संख्या किसकी भारी है। तो अगर प्रेम की राजनीति वापस आ गई तो कम संख्या वाला भी प्रेम और सम्मान पाएगा और अगर ऐसी ही नफरत की राजनीति चलती रही तो जैसा कि आंकड़ों का पूर्वानुमान है ओबीसी सबसे बड़ी ताकत के रूप में आएंगे और बाकी सवर्णों की तादाद काफी कम होगी तो क्या होगा?

बिहार में जाति जनगणना का काम पूरा हो गया है। आंकड़े कभी भी आ सकते हैं और उसके बाद ओबीसी पूरे देश में इसे करवाने का बड़ा माहौल बना देंगे।

मूल सवाल दो ही हैं। एक- संख्या के हिसाब से सरकारी योजनाओं में लाभ मिलना। ऊपर जिस कर्नाटक की बात की वहां राहुल ने अपनी गारंटियों के साथ जातिगत जनगणना करवाने की मांग करते हुए 'जितनी आबादी उतना हक' की बात कही थी। उनसे पहले कांशीराम ने चालीस साल पहले 'जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी' का नारा देकर पासा ही पलट दिया था।

अब जातिगत जनगणना को नहीं रोका जा सकता। भाजपा की हिन्दू मुसलमान की राजनीति की काट यही करेगी और विपक्ष को मालूम है कि यही जहर सबसे खराब है। इसके नशे में लोगों को अपनी बेरोजगारी, महंगाई, बच्चों के लिए बंद सरकारी स्कूल, अपने वृद्ध मां-बाप के लिए बंद सरकारी अस्पताल कुछ नहीं दिख रहे। वह मारो-मारो के साम्प्रदायिक नशे में जी रहा है।

सबसे पहले हिन्दू-मुसलमान का नशा उतारना पड़ेगा। इसके उतरते ही दलित के पिछड़े के समझ में आ जाएगा कि नफरत का शिकार वह भी हो रहा है। सवर्णों के भी समझ में आ जाएगा कि उन्हें कुछ नहीं मिल रहा है और हमले उन पर भी हो रहे हैं। क्योंकि जो नफरती मानसिकता बना दी गई है वह केवल मारो, अपमान करो ही जानती है। नफरत खतम हो जाएगी सब की जिन्दगी वापस खुशहाल हो जाएगी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# असुरक्षित स्त्रियां

■ कुमार कृष्णन

देश में हर रोज लड़कियों के साथ हो रही अमानवीय घटनाएं इस बात का सुबूत हैं कि चांद-सितारों तक पहुंच चुके हम ऐसे समाज में रहते हैं जिसकी सोच का दायरा लड़कियों के लिए हैवानियत से भरा है। हाल में देश में बेटियों के साथ ज्यादती की जो खबरें आई हैं, जिससे पूरा देश सहम गया है और मानवता शर्मसार है। निर्भया कांड, फिर कठुआ रेप कांड, सूरत कांड...कितने कांडों की गिनती करें? कुछ का तो हमें पता भी नहीं चल पाता क्योंकि वो खबरों में शामिल नहीं हो पातीं, थाने में इनकी शिकायत तक दर्ज नहीं होती।

'नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो' (एनसीआरबी) के आंकड़े बताते हैं कि शहर में महिलाएं और बच्चे सुरक्षित नहीं हैं। आंकड़ों के मुताबिक, बच्चों से जुड़े अपराधों में 10.68 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। महिलाओं के प्रति अपराध भी बढ़े हैं। उनके प्रति अपराध में 12.24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। ये आंकड़े बताते हैं कि कम उम्र की बच्चियां किस हद तक असुरक्षा के वातावरण में रह रही हैं।

**राज्य कोई भी हो, सरकार किसी भी दल की हो, महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं, यह एक तल्ख हकीकत है। इस हकीकत से समाज भी भली-भांति परिचित है, फिर भी वह बेपरवाह बना हुआ है। धर्म पर ख़तरे की बात से समाज उद्विग्न हो जाता है। कमाल की बात है कि बलात्कार की भयावह घटनाओं को देख-सुनकर भी इस समाज का मन विचलित नहीं होता? इतने संवेदनहीन और हैवानियत से भरे समाज में महिलाएं किस तरह अपनी सुरक्षा करें।**

इससे निपटने के लिए कई कानून बनाए गए हैं, फांसी तक के प्रावधान किए गए हैं, इसके बाद भी दरिंदगी की रोकथाम नहीं हुई। उलटे यह दिनों-दिन बढ़ती ही जा रही है। केवल कानून बना देने और उसमें कड़े दंड के प्रावधान कर देने से महिलाओं और बच्चियों के साथ होने वाली दरिंदगी रोक पाना शायद ही संभव होगा। इसके लिए सरकार, समाज और परिवार को भी सोचना होगा कि यह दरिंदगी आ कहां से रही है।

पिछले 11 वर्षों के परिणामों पर नजर डालें, तो यौन अपराध और दरिंदगी कम होने के स्थान पर बढ़ती ही जा रही है। यह कैसे कम होगी? हम कानून बनाकर भूल गए हैं कि इससे अपराध पर नियंत्रण हुआ है या नहीं। अपराध बढ़ने के कौन-कौन से कारण हैं? उन कारणों को दूर करने की दिशा में शासन, प्रशासन और सामाजिक स्तर पर कोई प्रयास किए गए हैं या नहीं? सरकार और महिला संगठन यदि सोचते हैं कि दरिंदगी और यौन अपराधों से कानून बनाकर अथवा दंडित करके निपटा जा सकता है, तो यह बेमानी है।

यदि ऐसा होता तो अभी तक यौन अपराधों पर नियंत्रण पा लिया गया होता। नियंत्रण की बात तो दूर, यौन अपराध और दरिंदगी बढ़ती जा रही है। कड़े कानूनों के कारण यौन अपराध करने वाले लोग दरिंदगी करते हैं। सबूत को मिटाने के लिए महिलाओं और बच्चियों को मार डालने तक का कुकृत्य करते हैं। बच्चियों और महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के साथ उनकी जान भी जा रही है।

कानून और नियम जो भी बनाए जाएं, वे सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाए जाएं। यदि कोई अपराध करता हुआ पाया जाता है, तो उसे उस अपराध की कड़ी-से-कड़ी सजा मिलनी ही चाहिए, लेकिन कानून की आड़ में सुनियोजित अपराधिक घटनाएं बढ़ने लगती हैं तो इस तरह के नियम, कानून बनाने से सरकार को बचना भी चाहिए। सामाजिक स्तर पर भी महिलाओं तथा यौन अपराधों को रोकने के लिए समग्र चिंतन किए जाने की जरूरत है।

छोटी-छोटी बच्चियों से की गई क्रूरता क्या किसी भी धर्म-संप्रदाय या किसी भी समाज के लिए सही है? यह सुनकर जरूर हमारी नसें फूल जाती हैं, हम क्रोधित होते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद सब सामान्य हो जाता है, फिर एक नई घटना तक के लिए। हर साल 'एनसीआरबी' महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के आंकड़े जारी करता है जिसे देखकर पता चलता है कि इस साल, इस राज्य में बलात्कार, छेड़खानी या दहेज हत्या की इतनी घटनाएं हुई हैं।

ये आंकड़े पुलिस में दर्ज शिकायतों के आधार पर होते हैं। बलात्कार के मामले में कभी कोई राज्य आगे रहता है, कभी कोई। अगर कहीं आंकड़े पिछले साल की तुलना में या पिछली सरकारों की तुलना में कम हुए, तो उनका बखान भी बढ़ा-चढ़ा कर होता है, मानो आंकड़े कम नहीं हुए, बलात्कार की घटनाएं ही ख़त्म हो गईं।

अगर ऐसा हो पाता तो महिलाओं के लिए ये देश वाकई स्वर्ग बन जाता। फिलहाल तो यहां महिला होना और उस पर गरीब, दलित या अल्पसंख्यक होना ही अभिशाप की तरह हो गया है। महिलाओं की सुरक्षा का कोई इंतजाम मजबूत बनाने का दावा करने वाली सरकारें यह नहीं कर पाई हैं, लेकिन चुनावों में महिला सुरक्षा के वादे ऐसे बढ़-चढ़कर होते हैं, मानो किसी की सरकार बन गई तो महिलाएं वाकई बेख़ौफ़ होकर आधी रात को भी निकल सकेंगी।

वैसे राज्य कोई भी हो, सरकार किसी भी दल की हो, महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं, यह एक तल्ख हकीकत है। इस हकीकत से समाज भी भली-भांति परिचित है, फिर भी वह बेपरवाह बना हुआ है। धर्म पर ख़तरे की बात से समाज उद्विग्न हो जाता है। कमाल की बात है कि बलात्कार की भयावह घटनाओं को देख-सुनकर भी इस समाज का मन विचलित नहीं होता? इतने संवेदनहीन और हैवानियत से भरे समाज में महिलाएं किस तरह अपनी सुरक्षा करें, यह विचारणीय है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

## पावन प्रसंग

### सावन में पाएं शिवकृपा

माना जाता है कि सावन में भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं ऐसे में सृष्टि की कमान भगवान शिव के हाथों में रहती हैं। इस चौमासे के दौरान शिवशक्ति की आराधना अभिन्न रूप से जुड़ी रहती है जिसमें भगवान शिव और उनके परिवार से जुड़े व्रत-त्यौहार आदि मनाए जाते हैं।

भारत वर्ष में सावन का महीना एक विशेष कालखंड है, जब प्रकृति अपने पूरे वैभव में होती है। ग्रीष्म ऋतु की झुलसती तपन के बाद, गर्मी के कहर को झेलती धरती पर बारिश की फुहार के साथ एक नए जीवन का शुभारंभ होता है। जुलाई से अगस्त के बीच का यह समय आस्था का प्रतीक भी है, जिसमें भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाती है।

आश्चर्य नहीं कि हर व्यक्ति के जीवन में इसकी मस्ती का आलम कुछ यों छाया रहता है कि यह माह हर वर्ष स्मृतिकोश में नई यादों को जोड़ता है। हालांकि धरती के कुछ हिस्सों में प्राकृतिक कोप एवं आपदा की घटनाएं भी इस दौरान घटित होती हैं, जिनमें से अधिकांश मानव निर्मित रहती हैं। श्रवण नक्षत्र वाली पूर्णिमा के कारण इस माह का नाम श्रावण पड़ा है। हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष का यह पांचवां माह है, जो सबसे पवित्र माहों में से एक है। यह धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है, जब भक्तिमय गीत-संगीत, धार्मिक अनुष्ठानों एवं आध्यात्मिक साधनाओं के साथ वातावरण गुंजायमान रहता है।

रक्षाबंधन, नागपंचमी, हरितालिका तीज, गुरु पूर्णिमा जैसे पर्व त्यौहार इसी बीच पड़ते हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का महोत्सव सावन माह की पूर्णिमा के 7 दिन बाद अष्टमी के दिन मनाया जाता है। सावन में वैसे तो सभी दिन खास रहते हैं, लेकिन सोमवार का विशेष महत्व रहता है, जिनकी संख्या 4 से 5 रहती है, इस दौरान कुंवारी कन्याओं के लिए 16 सोमवार के व्रत का विधान रहता है, मान्यता है कि इनका नैष्ठिक पालन करने से उन्हें भगवान शिव जैसा जीवन साथी मिलता है। इस दौरान कृष्णपक्ष का विशेष महत्व रहता है, जिसमें भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना की जाती है। सावन माह में शिव भक्ति के साथ कई पौराणिक कथाएं जुड़ी हुई हैं। मरकंडू ऋषि के पुत्र मार्कण्डेय दीर्घायु के लिए सावन माह में घोर तप कर शिवकृपा के अधिकारी बने थे, जिसके बल पर मृत्यु के देवता यमराज भी उनके समक्ष नतमस्तष्क हो गए थे।

दूसरी पौराणिक कथा के अनुसार भगवान शिव सावन माह में धरती पर अवतरित होकर अपनी ससुराल गए थे और जहां अर्ध्य और जलाभिषेक के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया था। माना जाता है कि प्रत्येक सावन माह में भगवान शिव अपनी ससुराल आते हैं और पृथ्वीवासियों के लिए शिव की कृपा को प्राप्त करने का यह उत्तम समय रहता है। फिर सावन माह में ही समुद्र मंथन हुआ था। समुद्रमंथन से निकले हलाहल कालकूट को सृष्टि के रक्षार्थ भगवान शिव ने अपने कंठ में धारण किया था इसलिए नीलकंठ कहलाए। विष की उष्णता के शमन हेतु देवी-देवताओं ने जल अर्पित किया था। इसी कारण सावन में शिवलिंग पर जल चढ़ाने का विशेष महत्व माना जाता है। इस दौरान सावन की शिवरात्रि के दौरान शिवालयों में गंगाजल के अभिषेक के प्रतीक कांवड़ मेले का आयोजन होता है। शिवभक्त कंधों पर गंगाजल लिए निकटस्थ शिवालयों में जाकर जल चढ़ाते हैं, भोलेनाथ को अपनी आस्था का पुण्य स्नान कराते हैं और तीर्थयात्रा के साथ अपने जीवन को धन्य बनाते हैं।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### अनुशासनहीनता और नियमों की अनदेखी का जीता-जागता उदाहरण ट्रेन हादसा

अनुशासनहीनता और अनदेखी के कारण घटना के शिकार होते हैं। आज देश में अनहोनी घटित हो रही है। कानून को धत्ता बता कर और नियमों का पालन नहीं करने की वजह से दुर्घटनाएं होती है। मदुरै की एक ट्रेन बोगी में सिलेंडर फटने से निर्दोष लोगों की मौत हो गई। ट्रेन में तीर्थयात्री सिलेंडर लेकर जा रहे थे। यह पुलिस की लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण है। पुलिस ने सिलेंडर ले जाते उस व्यक्ति को रोका होता तो इतना बड़ा हादसा नहीं होता और निर्दोष लोगों की जान नहीं जाती। रेलवे के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मनमानी पर उतारू यात्रियों ने हादसे को निमंत्रण दिया है। यह अनुशासनहीनता की निशानी है। ट्रेन में ज्वलन्त वस्तुओ को ले जाने की मनाई है। लेकिन इस तरह की लापरवाही से निर्दोष लोगों एवं खुद की जान चली गई। लोग ट्रेन में इस तरह की लापरवाही कर सिलेंडर ले जा सकते हैं तो सड़कों पर भी अपने मन की ही करते होंगे? तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनाएं बढ़ती है और निर्दोष लोगों की जान जा सकती है। दुपहिया वाहनों के चलते सामने आ रही लापरवाही से सड़क हादसे बढ़ रहे है। मदुरै रेल हादसा लापरवाही की पराकाष्ठा है। रेलवे पुलिस की अनदेखी ने इतने बड़े हादसे को अंजाम दिया गया। नियम और कानून सब के लिए समान है। नियमों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। हर एक व्यक्ति को नियम का पालन करना होगा। छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे को निमंत्रण देती है। लोगों को पुलिस नियमों को बताने के लिए टोकती है तो नियमों की झड़ी लगा दी जाती है। विपरीत दिशा में पुलिस को ही नियम बताने वाले व्यक्ति पर दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। हर व्यक्ति को देश के कानून का पालन करना होगा। क्योंकि कानून सबके लिए समान है। इसमें अमीर गरीब के लिए समान नियमों का पालन करना चाहिए। नियमों की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। क्योंकि नियमों में लापरवाही बरतने से घटनाएं होने की संभावना है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### सावन के अंतिम सोमवार पर आज निकलेगी कांवड़ यात्रा



**सिरोंज, देशबन्धु।** बाबा विश्वनाथ धाम कांवड़ यात्रा सेवा समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार सावन के अंतिम सोमवार को आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा का आज प्रात: दस बजे से प्रारम्भ होगी। नागेश्वर मंदिर पाटीदार धर्मशाला से प्रारम्भ होने वाली इस पवित्र कांवड़ यात्रा के लिए कृषि उपज मंडी प्रांगण में श्रद्धालुओं का एकत्रीकरण होगा। समिति द्वारा यही पर कांवड़ियों के लिए ड्रेस का वितरण होगा। कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर समिति द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार करने के साथ व्यवस्थाएं जुटाई गई। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों सहित नगर के विभिन्न इलाकों में चार पहिया वाहनों के माध्यम से मुनादी करवाने के साथ ही समिति के सदस्य शिवकुमार भार्गव के नेतृत्व में मुख्य बाजार में जनसंपर्क कर कांवड़ यात्रा में अपनी कांवड़ लेकर शामिल होने का आग्रह कर रहें है। कांवड़ यात्रा कृषि उपज मंडी से प्रारम्भ होकर वलेजा पेट्रोल पंप से सुभाष नगर,राज बाजार, चांदनी चौक,कठाली,छत्री, रोहिलपुरा होते हुए देवपुर को प्रस्थान करेगी। इस कांवड़ यात्रा में बाबा महाकाल की शाही सवारी के रूप में मुखोटे को सजाकर पालकी के रूप में निकाली जाएगी।

### नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में चिरायु अस्पताल द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी सुनील बाबू पिंगल विजय अरोड़ा सहित सहित अनेक समाज से उपस्थित थे। शिविर में डॉक्टर पी के दीवान के कुशल मार्गदर्शन में चिरायु अस्पताल के डॉक्टर हिमांशु सिंह ने अशोक मेवाड़ा राजीव शर्मा अजय नगर निर्मल नेत्र सहायक दिनेश दुबे अरविंद नोएडा ने लगभग 227 मरीज के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्रों से बचाव के तरीके एवं आई फ्लू से बचाव के तरीकों को विस्तार से बदलते हुए कहा कि 35 वर्ष की उम्र के पश्चात प्रत्येक व्यक्ति को अपने नेत्र परीक्षण करना चाहिए 35 मरीजों को मोतियाबिंद जनहित किया गया 187 मरीजों को निशुल्क दवाइयां का वितरण किया गया वहीं पर 32 लोगों को चश्में के नंबर निकले गए। इस अवसर पर समाजसेवी सुनील बाबू एवं विजय अरोड़ा ने कहा कि वर्तमान में अस्पताल सहित अनेक सामाजिक संस्थाएं इस पुनीत कार्य में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान कर रही है।

# यातायात और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर हुई बैठक

▶ नगर परिषद अध्यक्ष और अधिकारियों ने व्यापारियों और ठेला व्यवसायियों के साथ की बैठक



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** नगर के कृषक संगोष्ठी भवन में नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर द्वारा नगर के व्यापारियों एवं हाथ ठेला सब्जी एवं फल विक्रेताओं के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर की यातायात व्यवस्था और सफाई पर चर्चा की गई। बैठक में एसडीएम एमएस रघुवंशी, सीएमओ प्रफुल्ल गढर, थाना प्रभारी गिरीश दुबे और एसडीओपी दीपक कपूर भी मौजूद रहे। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने बैठक में बताया कि न्यायालय के पास जो सब्जी और फल के ठेले लगते हैं उनके सामने और दूसरे ठेले भी शाम को लगा लेते हैं। जिससे ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। वही नगर के सबसे व्यस्ततम जेपी मार्केट में भी यही हाल है। जेपी मार्केट होकर सभी वाहन निकलते हैं जिसमें दुकानों के सामने जो ग्राहकों की और दुकानदारों की मोटरसाइकिलें खड़ी होती है और वह भी व्यवस्थित खड़ी नहीं होती वहीं मार्केट में जो चार पहिया वाहन आते है वह भी जगह-जगह खड़ी होते है। कुछ ग्रामीण क्षेत्र से ट्रैक्टर ट्रॉली से सामान खरीदने आते हैं। उनके आने-जाने से भी ट्रैफिक जाम की स्थिति होती है। वहीं इसी को लेकर बार-बार शिकायतें होती रहती हैं। इसी पर बैठक में विचार विमर्श कर व्यापारियों से चर्चा की गई। जिसमें एसडीएम रघुवंशी द्वारा कहा गया कि हम नहीं चाहते कि किसी को कोई समस्या हो इसीलिए आज आपको बुलाया है। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष शिशिर ने कहा कि देखने में यह भी आया है कि शाम को जब दुकानदार अपनी दुकान बंद करके जाते हैं दुकानों का कचरा रोड पर डाल देते हैं। उससे गंदगी फैलती है जबकि कचरा वाहन सुबह शाम दोनों समय बराबर आ रहा है। आप कचरा वाहन में ही डालें रोड पर ना फेके। वहीं सभी हाथ ठेला चालक सब्जी और फल विक्रेता निश्चित स्थान सब्जी मंडी में ही अपने ठेले लगाए। फेरी लगाकर कालोनियों मे भी घूमकर अपना व्यापार कर सकते है जैसे पहले भी करते थे। सीएम राइस स्कूल ग्राउंड में दोपहिया वाहन खड़े करें और फोर व्हीलर जनपद पंचायत ग्राउंड में वाहन खड़े करें। वही नगर परिषद सीएमओ प्रफुल्ल गढरे ने कहा कि जब मैं पहली बार इस नगर में आया तो मैंने सोचा नगर परिषद है छोटा सा नगर होगा। जब यहां पर आकर देखा तो काफी बड़ा नगर है और बहुत अच्छा है। नगर से भोपाल, इंदौर और सीहोर मार्ग निकले हैं। आप तो यही के रहने वाले हैं। आप नगर को स्वच्छ रखेंगे तो नगर का नाम रोशन होगा। वही मेरा सभी व्यापारी अपनी दुकान का कचरा निर्धारित कचरा वाहन में ही डालें। अगर कचरा वाहन नहीं आता है तो आप मुझे फोन करें। वही सभी व्यापारी अपनी दुकान के सामने कोई भी वाहन खड़ा ना करें और ठेला व्यापारी भी निर्धारित स्थान सब्जी मंडी पर ही अपने हाथ ठेले लगाए। थाना प्रभारी गिरीश दुबे से एक जनप्रतिनिधि द्वारा कहा गया कि कुछ नाबालिग बच्चे रोज रोड पर बाइक दौड़ाते नजर आते हैं इससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। थाना प्रभारी ने कहा कि आप निश्चित रहिये मै कार्रवाई करूगा। बैठक में पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधि, नगर के व्यापारी एवं हाथ ठेला चालक मुख्य रूप से शामिल रहे।

एक सप्ताह फीडबैक लेने के बाद पर्यवेक्षक उज्जैन रवाना

# सांची विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की बेहतर स्थिति, हाई कमान तय करेगा प्रत्याशी: सिन्हा



**रायसेन, देशबन्धु।** जिले के सांची विधानसभा क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक के रूप में बिहार पटना के भाजपा विधायक अरुण कुमार सिन्हा को पार्टी हाई कमान द्वारा भेजा गया। उन्होंने समूचे सांची विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर पार्टी के समस्त 6 भाजपा मंडलों की बैठक ली वहीं भाजपा के शक्ति केंद्र प्रमुखों से भी मिलकर फीडबैक लिया। सिन्हा ने सांची विधानसभा क्षेत्र में निवास करने वाले विभिन्न समाजों के लोगों से भी अलग-अलग चर्चा कर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए फीडबैक लिया। इसी क्रम में रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में पर्यवेक्षक सिन्हा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा पार्टी की कार्य योजनाओं की जानकारी क्षेत्र में क्या चल रही है इसके लिए मैं भ्रमण पर आया था जहां तक भाजपा प्रत्याशी के लिए चयन की बात है तो मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं है। पार्टी हाई कमान द्वारा ही प्रत्याशी तय किया जाएगा। मगर इतनी बात है कि एक सप्ताह के भ्रमण के दौरान सांची विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की बेहतर स्थिति को बारीकी से देखा है। उन्होंने बताया कि सांची विधानसभा क्षेत्र बहुत अच्छा क्षेत्र है। इसी के साथ में अलग-अलग क्षेत्र में जाकर पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिला और उनसे चर्चा की गई सभी ने ज्यादा से ज्यादा मतों से भाजपा प्रत्याशी को सांची विधानसभा क्षेत्र से जीतने की बात बताई। भ्रमण के दौरान मुझे भी एहसास हुआ कि सांची विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की बेहतर स्थिति है। भाजपा विधायक सिन्हा से यह पूछने पर की सांची विधानसभा क्षेत्र में कितने उम्मीदवारों के नाम आपके सामने आए हैं इसके जवाब में उन्होंने बताया कि हम यहां प्रत्याशी तय करने के लिए नहीं आए हमें तो पार्टी हाई कमान ने इसलिए भेजा है कि पार्टी की स्थिति विधानसभा क्षेत्र में किस तरह से चल रही है पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं और यहां निवास करने वाली जनता के क्या हाल हैं उनका फीडबैक जानने के लिए भेजा गया है। मेरे सात दिन का अनुभव जो मैंने भ्रमण के दौरान लिया और लोगों से अलग-अलग चर्चाएं की गई इसकी रिपोर्ट से मैं हाई कमान को अवगत कराऊंगा। उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जनता के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई जिसका सीधा लाभ आम जनता के लोगों को मिल रहा है मैंने भी भ्रमण के दौरान इस क्षेत्र में देखा कि विकास में कोई कमी नहीं है। क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है और यहां से भाजपा विधायक एवं वर्तमान में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभु राम चौधरी द्वारा बेहतर विकास क्षेत्र में कराया गया है ऐसा मैंने भ्रमण के दौरान देखा है। सांची विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता और यहां से कई बार कैबिनेट मंत्री रहे डॉक्टर गौरी शंकर शेजवार के मामले में जब पत्रकारों ने सिन्हा से पूछा कि क्या उन्हें भी पार्टी इस बार टिकट देगी इसके जवाब में उन्होंने इतना ही कहा कि डॉ. शेजवार भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं उनके सुपुत्र भी इस क्षेत्र में सक्रियता के साथ काम कर रहे हैं उन्हें पूरी तरह से अनुशासन में रहकर पार्टी द्वारा सौंपे गए कार्यों की जिम्मेदारी निभाना चाहिए। उन्होंने चर्चा में बताया कि मुझे भ्रमण के दौरान सांची विधानसभा क्षेत्र में कहीं भी विरोध की स्थिति देखने को नहीं मिली भाजपा के शासनकाल से सभी लोग सहमत दिखाई दिए हैं। चर्चा के दौरान भाजपा पर्यवेक्षक सिंह पत्रकारों द्वारा पूछे गए कई सवालों को टाल गए और भाजपा सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों की बात कहते रहे। पत्रकार वार्ता के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजपा नेता बृजेश चतुर्वेदी आदि नेता मौजूद रहे।

# देश और प्रदेश सरकार की योजनाओं से सुधरी लोगों की स्थिति: बृजभूषण



**सिरोंज, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कार्यकाल में देश की आम जनता के कल्याण के लिए ऐसी अनेकों योजनाओं को लागू किया है जिनसे न केवल लोगों की पारिवारिक स्थिति सुधरी है बल्कि विश्व में भारत देश का डंका बज रहा है। आज प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों को पक्के आवास और गरीब कल्याण के माध्यम से राशन का लगातार नि:शुल्क वितरण हो रहा है। किसानों के लिए सम्मान निधि देकर भाजपा की दोनों सरकारों ने किसानों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम किया है। यह बात प्रवासी विधायक कार्यशाला के अंतर्गत विगत एक सप्ताह से सिरोंज विधानसभा में प्रवास कर रहे उत्तरप्रदेश की चरखारी विधानसभा के विधायक बृजभूषण सिंह राजपूत ने यहां स्व. बालकृष्ण विद्यार्थी पत्रकार भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि मैं खुद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की हाल ही में प्रदेश की बहनों के लिए लागू की गई लाड़ली बहना योजना से बहुत प्रभावित हूं। वास्तव में प्रदेश की जनता के कल्याण के हित में लागू की गई अनेक योजनाओं के साथ यह योजना बहुत सार्थक साबित होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश जादौन, विधानसभा संयोजक कैलाश शर्मा,कार्यकारी मंडल अध्यक्ष नितिन मित्तल,युवामोर्चा के जिला महामंत्री आशीष शर्मा,मंडल मीडिया प्रभारी सचिन शर्मा उपस्थित रहे।

### प्रवासी विधायक ने सुनीं कार्यकर्ताओं के संग मोदी की मन की बात

**सिरोंज।** प्रवासी विधायक कार्यशाला के अंतर्गत सिरोंज विधानसभा में प्रवास कर रहे चरखारी के विधायक बृजभूषण सिंह राजपूत एवं क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने रविवार को चितावर मंडल के ग्राम ओराखेड़ी के मतदान केंद्र पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को मंडल के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ सामूहिक रूप से सुना।

# महिला मोर्चा ने राखी संग पाती कार्यक्रम आयोजित किया



**सिरोंज, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री द्वारा लाड़ली बहना योजना चलाई गई उसके अंतर्गत भाजपा महिला मोर्चा का राखी संग पाती कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला मोर्चा प्रदेश कार्यालय मंत्री श्वेता आनन्द त्यागी ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसके अंतर्गत बताया गया कि लाड़ली बहनों द्वारा राखी बनाई गई जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और प्रदेश महामंत्री हितानंद शर्मा के लिए राखी बहनों द्वारा बनाई गई। जिसे पूरे प्रदेश की बहने सीएम निवास पर 28 अगस्त को शिवराज सिंह चौहान को राखी बांधेगी। मंत्री श्वेता आनंद त्यागी ने बताया कि मोदी सरकार एवं प्रदेश सरकार ने महिलाओं के लाभार्थ कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। धरातल पर यह योजनाएं सुचारू चलें इसके लिए महिला मोर्चा भी सक्रिय रहता है। आने वाले समय में लाड़ली बहना योजना महिला सशक्तिकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। सभी बहनों ने राखी के साथ अपनी एक पाती भी लिखी जिसमें उन्होंने लिखा है कि अपने लाड़ले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पहले लाड़ली लक्ष्मियों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाया हैं। पहले मामा के रूप में है अब भैया के रूप में बहनों की छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए आगे आए हैं। लाड़ली बहनों ने अपने शिवराज भैया को धन्यवाद ज्ञापित कर रक्षाबंधन की अग्रिम शुभकामनाएं दी है। बहनों के द्वारा मंगल कामना की गई है कि अगले मुख्यमंत्री के रूप में वही आकर मध्य प्रदेश की बागडोर को पुन: संभाले। बहनों ने यह भी कहा कि उन्हें हर महीनें 1000 रुपए की राशि प्राप्त होती है उससे उनकी छोटी-छोटी आवश्यकताओं की पूर्ति हो रही है। यह राशि बढ़ाकर धीरे-धीरे करके 3000 रुपए कर दी जाएगी तो उससे उनकी बड़ी-बड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति भी हो जाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए स्कूलों में संपर्क अभियान



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में प्रतिवर्ष भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता हैं। जिसमे कक्षा 5 से लेकर महाविद्यालयीन विद्यार्थी शामिल होते हैं। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा विकासखंड संयोजक सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि इस वर्ष की परीक्षा 7 अक्टूबर को प्रदेश सहित जिले के अधिकतर स्कूलों, विद्यालयों आयोजित होगी जिसमें इस बार हजारों बच्चों को बिठाने का लक्ष्य रखा है। यह परीक्षा प्राथमिक माध्यमिक हाईस्कूल और महाविद्यालय में कराई जाती है। इस परीक्षा में ओ एम आर सीट पर वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाते हैं। कुछ शुल्क के साथ पुस्तिकाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं और तहसील, जिला से लेकर प्रांतीय स्तर तक पुरस्कार दिए जाते हैं। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए जाते हैं। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजन समिति के प्रांतीय सदस्य एडवोकेट श्याम सुंदर माथुर ने बताया कि परीक्षा का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति एवं संस्कार की जानकारी नई पीढ़ी को अवगत कराने के साथ ही युवा पीढ़ी में मानवीय मूल्य का विकास करना। देश के विकास में अभिरुचि जागृत करना, व्यसन और कुसंगति से दूर रहकर देश को पुन: विश्व गुरु बनाने की प्रेरणा जागृत करना है।

गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी रमाकांत उपाध्याय ने बताया कि भारत में इस परीक्षा में लगभग 400 जिलों में 2 लाख विद्यालयों के 50 लाख विद्यार्थी सम्मिलित होते हैं।

# कंसाना ने आदिवासियों के साथ दिया धरना



**मुरैना, देशबन्धु।** पूर्व विधायक एवं अल्पसंख्यक विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंसाना ने सहरिया आदिवासियों के हक में धनेला पंचायत स्थित करह बाबा का पूरा गांव में विरोध प्रदर्शन कर आदिवासियों को उनकी जमीन वापस देने की मांग की। पूर्व विधायक के पहुंचते ही एडीएम, एसडीएम एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंच गए और तुरंत आदिवासियों को बसाने के लिए जगह चिन्हित कर दी। पूर्व विधायक 2 दिन में बसाहट की बात कर रहे हैं, तो एडीएम 8-10 दिन की बात कह रहे हैं। मौके पर उपस्थित आदिवासी एवं उनकी महिलाओं ने बताया कि फॉरेस्ट टीम द्वारा शनिवार को की गई कार्रवाई के बाद उनके बच्चे बहुत डरे एवं सहमे हुए हैं तथा वह रोटी भी नहीं मांग रहे हैं और उन्हें डर लग रहा है कि पुलिस वाले ना आ जाए, ऐसी स्थिति हो गई है। शनिवार की रात घर टूटने के बाद आदिवासी एवं उनके बच्चे खुले आसमान के नीचे सोते रहे, लेकिन नींद नहीं आई। रविवार की सुबह पूर्व विधायक एवं अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंसाना आदिवासियों के बीच पहुंचे और वहां बैठकर धरना प्रदर्शन किया, लेकिन बाद में वह मुकर गए और बोले कि मैं उनके बीच में आया था, उनकी मदद करने। श्री कंसाना के पहुंचने के पश्चात ही तत्काल एडीएम, एसडीएम भूपेंद्र कुशवाह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद ठाकुर प्रशासनिक कर्मचारी एवं बाल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारियों ने आदिवासियों को ले जाकर जमीन चिन्हित कर दिखाई और वहां सर्वे नंबर बताकर कहा कि यहां आपके रहने की व्यवस्था की जाएगी। इस संबंध में रघुराज कंसाना ने कहा कि 2 दिन में आदिवासियों को नवीन जगह पर बसा दिया जाएगा, जबकि एडीएम का कहना है कि बसाहट में 8-10 दिन लग सकते हैं। फिलहाल प्रशासन द्वारा आदिवासी परिवारों को खाने-पीने का सामान एवं रहने के लिए त्रिपाल उपलब्ध करा दी गई है।

### इनका कहना है

फॉरेस्ट विभाग ने जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों को जानकारी नहीं दी, हालांकि जमीन फॉरेस्ट की है, पर इस समय कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। 8-10 दिन में बसाहट कर दी जाएगी। सभी आदिवासियों को पट्टा देकर सीएम आवास से अनुदान दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। फॉरेस्ट की गलती से लाइन ऑर्डर की स्थिति बिगड़ जाती हमारे रिजर्वेशन है हम उनको बताएंगे।

**सीबी प्रसाद, एडीएम, मुरैना**

# छात्रावास जा रहे बालक को रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली ने रौंधा, मौत



**मुरैना, देशबन्धु।** रविवार की शाम महाराजपुर रोड पर छात्रावास पैदल जा रहे एक बालक को रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली चालक ने तेजी एवं लापरवाही से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। हादसा देख लोगों ने ट्रैक्टर ट्राली को घेर लिया और उसे पकड़ लिया। बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया। बालक की अभी पहचान नहीं हो सकी है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक नाबालिग बालक रविवार की शाम 4:30 बजे के लगभग महाराजपुर रोड स्थित छात्रावास में पैदल जा रहा था, तभी एक रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली चालक ने तेजी एवं लापरवाही से बालक को कुचल दिया। हादसा देख वहां के लोगों ने ट्रैक्टर ट्राली को घेर लिया और चालक को पकड़ लिया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस एवं ग्रामीण बालक को लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। फिलहाल पुलिस बालक की पहचान करने में जुटी है। बताया जाता है कि बालक बाहर का रहने वाला है और छात्रावास में पढ़ता था। फिलहाल पुलिस बालक की पहचान कर उसके परिजनों को बुलाने के कार्य में जुट गई है और ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

**टैक्टर की टक्कर से घायल छात्र की मौत:** सिहोनियां थाना क्षेत्र निवासी तहसीलदार सिंह का 22 वर्षीय बेटा पवन सिंह राठौर विगत दिनों किसी काम से बाइक पर सवार होकर मुरैना गया हुआ था, जब वह मुरैना से वापस अपने घर सिहोनियांजा रहा था, तभी दिमनी थाना क्षेत्र की मिरघान चौकी के पास एक टैक्टर चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए पवन की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे पवन घायल हो गया। लोगों की मदद से घायल छात्र को जिला अस्पताल भेजा, प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर कर दिया। ग्वालियर में इलाज कराने के बाद घायल पवन घर आ गया था और घर पर इलाज चल रहा था, लेकिन इलाज के दौरान रविवार को पवन की मौत हो गई। पुलिस द्वारा पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है तथा मामले की विवेचना कर रही है।

### कॉम्बिंग गश्त में 101 स्थायी, 130 गिरफ्तारी वारंटी और 6 ईनामी बदमाशों को पकड़ा

**मुरैना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद ठाकुर के निर्देशन में विगत रात्रि चलाए गए कॉम्बिंग गस्त के दौरान लंबे समय से इनामी एवं फरारी बदमाशों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। नगर पुलिस अधीक्षक राकेश गुप्ता के नेतृत्व में सिविल लाइन थाना पुलिस एवं एसडीओ बानमोर श्रीमती दीपाली के नेतृत्व में बानमोर थाना पुलिस ने कॉम्बिंग गस्त के दौरान 101 स्थायी, 130 गिरफ्तारी वारंटियों एवं 06 ईनामी, फरारी बदमाशों, 24 अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया, वहीं 02 आर्म्स एक्ट के प्रकरण पंजीबद्ध किये गये एवं जिला बदर के आरोपियों की चैकिंग की गई। पुलिस मुख्यालय भोपाल मध्यप्रदेश के नाइट कॉम्बिंग गस्त अभियान के निर्देशानुसार जिले के सभी थाना क्षेत्रों के कुल 262 अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में नाइट कॉम्बिंग गस्त किया गया। प्रत्येक अनुभाग स्तर पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) द्वारा अपने अनुभाग मुख्यालय पर कॉम्बिंग गस्त किया एवं डॉ. अरविन्द्र सिंह ठाकुर अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं मुरैना शहर में कॉम्बिंग गस्त किया गया। नाइट कॉम्बिंग गस्त के दौरान कुल 261 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें से 130 गिरफ्तारी वारंटी, 101 स्थाई वारंटी, 299 जा.फों में फरार 02, 04 ईनामी बदमाशों एवं 24 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। इस दौरान 02 आरोपियों पर से 02 अवैध कट्टे मय जिंदा राउंड के बरामद कर आर्म्स एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही भी की गई। साथ ही 05 जिलाबदर के आरोपियों की भी चैकिंग की गई।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### 5 माह से निकली जा रही प्रभात फेरी



**सारनी, देशबन्धु।** श्री राम संकीर्तन समिति के माध्यम से पिछले 5 माह से नियमित प्रति शनिवार को प्रभात फेरी निकालने का कार्य किया जा रहा है। इस प्रभात फेरी में शहर के युवा बुजुर्ग और बच्चे शामिल होकर भगवान हनुमान जी की रैली में शामिल होने का कार्य करते हैं। श्रीराम संकीर्तन समिति के संजय सिक्केवाल राजेश राठौड़ ने बताया कि वर्तमान परिवेश में बच्चे धार्मिक अनुष्ठान और धर्म के कम से जुड़ना नहीं चाहते इनके माध्यम से प्रति शनिवार एक दिन पूर्व विभिन्न घरों में जाकर उन बच्चों को आमंत्रित करने का कार्य किया जाता है जिसके तहत उनके परिजन भी धार्मिक कम से जुड़कर प्रति शनिवार को प्रभात फेरी में शामिल होते हैं।

### न्यू पुलिस लाइन में आज शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा, नकाली शोभायात्रा



**मुलताई, देशबन्धु।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार पर मां ताप्ती की नगरी की न्यू पुलिस लाइन के पास भगवान भोलेनाथ के परिवार की प्राण प्रतिष्ठा आज संपन्न होगी। इस निमित्त रविवार भव्य शोभायात्रा नगर के भिन्न-भिन्न चौराहों चौकों से होते हुए मां ताप्ती के दरबार में पूजन अर्चन करने पहुंची साथ ही श्री राम मंदिर में पूजन अर्चन किया गया। आज हाई स्कूल ग्राउंड के पास न्यू पुलिस लाइन कॉलोनी के समीप हनुमान जी के मंदिर के बाजू में पंडित दीपक दुबे के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जाएगा। शिव भक्त पवन कुमार साहू ने बताया की सावन के अंतिम सोमवार को शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी और उसके पश्चात् भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया है। धार्मिक नगरी मुलताई अधिक मास और श्रावण मास के इस संयोग पर भगवान भोलेनाथ की भक्ति में रम गई है, साधना में लगी हुई है। उन्होंने बताया की इससे पूर्व सभी भक्त पूजन के लिए ताप्ती तट पर जाते थे, किन्तु अब स्वयं भगवान शिव अपने परिवार के साथ मंदिर में आ रहें हैं जो हमारे लिए सौभाग्य है। नगर की जनता से भी निवेदन है कि दर्शन के लिए पधारने का कष्ट करें।

# मतदान करने का संदेश देने वाली राखी बांधकर किया जागरुक

**मतदाताओं से शतप्रतिशत मतदान कराने साप्ताहिक बाजार में जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग और नगर पालिका परिषद ने मतदाता जागरूकता दिवस का आयोजन किया**



**बैतूल, देशबन्धु।** रक्षाबंधन के त्यौहार के अवसर पर आगामी विधानसभा निर्वाचन में सभी मतदाताओं द्वारा मताधिकार का उपयोग करने के उद्देश्य से कोठीबाजार क्षेत्र के हाट बाजार में महिलाओं द्वारा राखी बांधकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस एवं सीईओ जिला पंचायत अक्षत जैन के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदाताओं से शतप्रतिशत मतदान कराने के लिए रविवार साप्ताहिक बाजार में जिला प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं नगर पालिका परिषद द्वारा मतदाता जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका परिषद एवं महिला बाल विकास विभाग की बहनों द्वारा बाजार में घूम-घूम कर दुकानदारों एवं बाजार करने आए मतदाताओं को तिलक लगाकर मतदान करने का संदेश देने वाली राखी बांधी गई। इस अवसर पर बहनों द्वारा भाईयों को एक जिला एक उत्पाद के तहत जिले में बनने वाले गुड़ मीठा स्वरूप खिलाकर शतप्रतिशत मतदान करने का वचन भाईयों से लिया गया।

नगर पालिका परिषद द्वारा मतदान जागरूकता अभियान के इस नवाचार को आम जनों द्वारा काफी सराहा गया एवं प्रशासन के द्वारा आयोजित इसकी प्रशंसा भी की गई। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया, सहायक नोडल अधिकार (स्वीप) जी.आर. देशमुख स्वीप शाखा प्रभारी, कार्यालय अधीक्षक शोभाराम वरकड़े, सहायक यंत्री नीरज धुर्वे, रविकृष्ण दुबे, सहायक परियोजना अधिकारी कमलेश भूमरकर, उपयंत्री नगेन्द्र वागद्रे एवं अन्य कर्मचारी, आम मतदाता मौजूद थे।

# कलार समाज महिला मंडल ने हरियाली तीज पर्व मनाया



**सारनी, देशबन्धु।** कलचुरी कला समाज घोड़ाडोंगरी की महिला मंडल ने रविवार को हरियाली तीज का पर्व मनाया।कलचुरी कलार समाज की महिलाओं ने सुबह भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन अर्चन किया इसके बाद सभी महिलाओं ने दोपहर में तीज मिलन का कार्यक्रम रखा कार्यक्रम में भगवान भोलेनाथ के अंश राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु के छायाचित्र के समक्ष पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद महिलाओं ने उत्साह पूर्वक सामाजिक गीत संगीत का कार्यक्रम रखा कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने सुहाग के प्रतीक सामग्री आपस में वितरण की,इसके बाद सभी महिलाओं ने मिलकर पौधरोपण भी किया कार्यक्रम के दौरान समाज की प्रत्येक महिलाओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया जिसमें महिलाओं ने नगर को स्वच्छ रखने की बात पर बोल दिया महिलाओं ने पानी बचाने जैसे संदेश भी साझा किया सभी महिलाओं ने मिलकर सामूहिक नृत्यवाद संगीत का कार्यक्रम भी किया कार्यक्रम के दौरान नगर की सामाजिक वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान किया गया और प्रतिभावान प्रतिभाओं का सम्मान भी किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षत्रिय कल्चुरियन कलार समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी कार्यक्रम घोड़ाडोंगरी के मालवीय भवन में आयोजित

# विकास के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएंगे: मुटकुले

**महाराष्ट्र के हिंगोली विधायक ने गिनाई केन्द्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां**

**बैतूल, देशबन्धु।** केंद्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देश पर प्रवासी विधायक कार्यक्रम के तहत बैतूल विधानसभा में 8 दिन तक हर मंडल और बूथ तक प्रवास संपर्क करने के पश्चात रविवार को जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में महाराष्ट्र हिंगोली के विधायक तानाजी मुटकुले ने कहा कि बैतूल विधानसभा में इस बार भाजपा प्रत्याशी जीतेगा कांग्रेस का जो विधायक है वह ना तो लोगों के संपर्क में और ना ही उनका कोई विकास कार्य दिखता है, दूसरी तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकास को लेकर जो प्रतिबद्धता दिखाई है वह आज हर जन मानस को समझ आती है। मैंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनता से भी चर्चा की, संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार अच्छा काम कर रही है खास तौर पर महिला पुरुष अनुपात को लेकर प्रदेश में अच्छे काम हुए हैं। आज भ्रूण हत्या कम हुई है तो इसके पीछे महिलाओं के लिए, बच्चियों के लिए शिवराज की अच्छी योजनाएं हैं। मुटकुले ने विकास के सवाल पर कहा कि मुझे लोगों ने बताया कि आज से 20 साल पहले जब कांग्रेस की सरकार थी और आज जब भाजपा की सरकार है तो फर्क साफ दिखता है हम विकास के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएंगे जनता ने विकास देखा है मुलताई विधानसभा क्षेत्र के किसानों में आक्रोश को लेकर किए गए सवाल पर भाजपा के जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला ने कहा कि पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे ने योजना तकनीकी बदलाव कराया जिसका खामियांजा 35 गांवो के किसानों को हुआ है लेकिन हमने पिछले दिनो सारणी दौरे पर आए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी से किसानों की मुलाकात कराई है जल्द ही समस्या का निराकरण होगा। पत्रकारवार्ता के दौरान महाराष्ट्र हिंगोली विधायक तानाजी मुटकुले, भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला, जिला कार्यालय मंत्री कृष्णा गायकी , विधानसभा प्रभारी बैतूल मधु पाटनकर एवं जिला मीडिया प्रभारी सूर्यदीप त्रिवेदी मौजूद रहे।

# मेन्स ओपन पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन, 44 प्रतियोगी शामिल हुए

**मध्य प्रदेश रोजगार निर्माण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष देशमुख की उपस्थिति में हुआ आयोजन**




**मुलताई, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश रोजगार निर्माण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष हेमंत विजय राव देशमुख के मुख्य आतिथ्य में आयोजित मेन्स ओपन पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम गुर्जर ने प्रथम पुरस्कार जीता। द्वितिय स्थान पर अमर काले तथा तृतिय स्थान पर जतिन गोहे रहे। तीनों प्रतिभागियों को ट्राफी, मैडल एवं नगद राशि मुख्य अतिथि हेंमत विजयराव देशमुख, डॉक्टर कृष्ण धोटे, हरीश पटेल द्वारा प्रदान किया गया। अन्य प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। उक्त प्रतियोगिता में कुल 44 प्रतियोगी शामिल हुए थे जिसमें स्काट, डेड लिफ्टिंग तथा बैंच प्रेस में प्रतियोगियों ने प्रदर्शन किया।

उक्त प्रदर्शन में प्रथम गुर्जर द्वारा बेहतर प्रदर्शन करते हुए 195 किलो वेट उठाकर प्रथम पुरूस्कार हासिल किया। प्रथम पुरूस्कार विजेता प्रथम गुर्जर ने बताया कि उनके द्वारा प्रतियोगिता के लिए जिम संचालक आशिष बर्थे एवं अविश बर्थे द्वारा उन्हे बेहतर प्रशिक्षण दिया गया जिससे वे प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल हुए। जिम संचालक आशिष बर्थे ने बताया कि प्रतियोगिता आयोजित करने का उद्देश्य वर्तमान में युवाओं को फिट रखना है ताकि वे नशे से भी दूर रह सकें। उन्होने बताया कि जब तक शरीर स्वस्थ्य नही होगा तब तक आप किसी भी उद्देश्य को पाने में सफल नही हो सकते इसलिए शारारिक सौष्ठव को प्राथमिकता देना युवाओं के लिए जरूरी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेंमत विजयराव देशमुख ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं आवश्यक है ताकि युवा फिटनेस की तरफ आकर्षित होंगे। संदीप कामड़ी ने कहा कि प्रतियोगिता में शामिल होने वाले युवा भविष्य में अन्य बड़ी प्रतियोगिताओं में भी शामिल होकर नगर का नाम रोशन कर सकेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5100 रूपए, द्वितिय 2100 रूपए तथा तृतिय 1100 रूपए का पुरूस्कार प्रदान किया गया।

# मोटरसाइकिल से आधी रात में सागौन की तस्करी कर रहा था माफिया

**बैतूल, देशबन्धु।** शनिवार रविवार की दरमियानी रात लगभग 2:30 बजे दक्षिण वन मंडल के अंतर्गत आने वाले पटादा से धामनगांव मार्ग पर माफिया मोटरसाइकिल से सागौन की तस्करी कर रहा था। इस दौरान दक्षिण वन मंडल के गश्ती दल को देखकर माफिया मोटरसाइकिल सहित सागौन चरपट छोड़कर मौके से फरार हो गया। गौरतलब है कि डीएफओ के निर्देश पर वन अमला जंगलों में 24 घंटे सतत निगरानी रखे हुए हैं। वन विभाग की सतर्कता को देखते हुए माफिया ने भी तस्करी करने का तरीका बदल दिया है। लेकिन सतत गश्त के चलते माफिया तस्करी करने में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं।



वनमंडलाधिकारी दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल विजयानन्तम टी.आर. (भा.व.से.) के मार्गदर्शन में एवं परिक्षेत्र अधिकारी सावलमेंढा (सा.) एम. एस. परते के निर्देशन में अधिनस्थ कर्मचारियों का गश्ती दल गठित कर रात्रि 10 बजे पटादा से धामनगांव मार्ग पर सतत् गश्ती करने एवं गाड़ीदान मार्ग में छुपकर बैठने के दौरान रात्रि लगभग 2 से 2:30 बजे के मध्य कच्चे रास्ते पर मोटर सायकल का उजाला दिखाई दिया। अपराधी को विभाग का वाहन दिख गया, जिससे वह मोटर सायकल में बंधी लकड़ी सहित छोड़कर अंधेरे में भाग गए।

**फरार आरोपी की तलाश जारी:** मौके से मोटरसायकल एवं 2 नग चरपट जप्त की गई। जप्त वनोपज की अनुमानित कीमत 810 रुपये आंकी गई। मौके पर पंचनामा, जप्तीनामा तैयार कर मध्यप्रदेश वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। फरार आरोपी की तलाश जारी है। जप्ती करने वाली टीम में परिक्षेत्र अधिकारी सावलमेंढा सा. एम. एस. परते, राजराम खाड़े व.पा., विरेन्द्र सोलंकी एवं सुंदरलाल उइके क्लिनर, ओमकार उइके सुरक्षा श्रमिक, रविन्द्र पाटनकर वाहन चालक का विशेष योगदान रहा।

# जेल के कैदी मूर्तिकारों से सीख रहे मूर्तियां व दीये बनाना

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला जेल के बंदियों को चिखलार और सोनाघाटी से लाई गईं मिट्टी से मूर्तियां बनाना सिखाया जा रहा है। मूर्तिकला में रुचि रखने वाले 60 बंदियों जिनकी रुचि कलात्मक क्षेत्र में है उन्हें शहर के प्रख्यात मूर्तिकारों द्वारा मूर्तियां बनाना सिखाया जा रहा है।

विधिक सेवा प्राधिकरण के सकारात्मक प्रयास से जिला जेल के बंदी और कैदी इस बार गणेश उत्सव के लिए प्रतिमा अपने हाथों से बना रहे हैं। इतना ही नहीं वे दीपावली के दीये भी स्वयं ही बनाएंगे। इन दीपों से जेल परिसर को दीपावली पर रोशन किया जाएगा। इसके लिए शहर के मूर्तिकार रोजाना विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जेल में 60 कैदी और बंदी को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इससे उनके भीतर छिपी रचनात्मकता सामने आ रही है, वहीं कला से जुड़ने के कारणउनका डिप्रेशन भी दूर हो रहा है। रोजाना दोपहर में 12 से 3 बजे तक तीन घंटे की मूर्तिकला का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मूर्तियों के साथ ही दीपावली के लिए दीये भी बनाए जा रहे हैं। इन्हें बाजार में नहीं बेचा जाएगा। इन्हें बंदी जेल में ही त्योहार मनाने में उपयोग करेंगे। प्रख्यात मूर्तिकार सुनील प्रजापति और उनके साथी अनिल प्रजापति इन बंदियों को मूर्तियां बनाना सिखा रहे हैं। इसके लिए मूर्तियों के निर्माण के लिए उपयुक्त मिट्टी भी वे चिखलार और सोनाघाटी से चुनकर ला रहे हैं। इसमें कितना पानी डालना है, किस तरह हाथ चलाना है, अंगुलियों का घुमाव किस तरह देना है। यह सिखाते हुए मूर्तियां बनवा रहे हैं। मिट्टी को मूर्तियों का आकार देने की यह कला उनमें विकसित हो रही है साथ ही यह भविष्य में उनके काम भी आएगी। जो गणेश प्रतिमाएं कैदी बना रहे हैं। उस प्रतिमा को गणेश उत्सव के समय स्थापित किया जाएगा।

# ताप्ती सरोवर में पूजा कर निकाली कावड़ यात्रा, 30 किमी पैदल चले शिवभक्त



**मुलताई, देशबन्धु।** सावन माह के अंतिम दिनों में मा ताप्ती की पवित्र नगरी से हर क्षेत्र में लगातार कावड़ यात्रा निकाली जा रही है। शिव मंदिर समिति एवं ग्राम मासोद के शिव भक्तों द्वारा श्री महादेव समरसता कावड़ यात्रा का आयोजन रविवार किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवा बच्चे बुजुर्ग एवं महिलाएं शामिल हुए। रविवार सुबह ग्राम मासोद से सैकड़ों की संख्या में शिव भक्त मुलताई पहुंचे। जहां पर उन्होंने मां ताप्ती मंदिर एवं पवित्र ताप्ती सरोवर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर, कावड़ में जल भरकर कावड़ यात्रा शुरू की। डीजे की धुन पर मुलताई से मासोद के लिए पैदल रवाना हुए। कावड़ यात्रा में हर हर महादेव एवं ताप्ती मैया के जयकारे लगते रहे। मुलताई से निकली यह कावड़ यात्रा सांडिया, चंदोरा, सिरसावाड़ी, ताईखेड़ा, रायआमला, आष्टा, सावंगी जोड़ होते हुए मासोद पहुंची। जहां पर प्राचीन शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का ताप्ती जल से जलाभिषेक किया गया। ग्राम मासोद पहुंचने पर समस्त कावड़ियों का पुष्प एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस कावड़ यात्रा में शिव भक्त लोकेश झरबडे, साहेबराव देशमुख, मनोहर सावरकर, आशीष दाबड़े सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे। प्रवीण जायसवाल ने बताया कि विगत 6 वर्षों से लगातार कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

**शिव भक्ति में झूमते महिलाओं ने निकाली कावड़ यात्रा:** नगर के मंगलवार बाजार से रविवार दोपहर में महिलाओं ने बड़ी संख्या में एकजुट होकर शिव भक्ति में लीन होकर ताप्ती तट तक कावड़ यात्रा निकाल। ताप्ती तट से पवित्र जल लेकर पुनः मंगलवार बाजार स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर पहुंचकर, भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान समस्त महिलाएं शिव भक्ति में डूबी हुई नजर आई और शिव भजनों पर घूमते हुए कावड़ यात्रा में शामिल हुई। इस कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में सिर्फ महिला ही शामिल हुई, सभी ने पीले परिधान धारण किए हुए थे।

*सुंदरकांड समिति ने किया आयोजन, आयोजन, विधायक का किया सम्मान*

# राम मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन

**सारनी, देशबन्धु।** श्रीराम मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें हनुमान जी की झांकी और भजनों की प्रस्तुति दिलीप बारस्कर द्वारा दी गई। इस अवसर पर विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे और उनकी धर्मपत्नी मंजू पंडाग्रे भी कार्यक्रम में उपस्थित रही। विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे ने श्रीराम मंदिर प्रांगण में उपस्थित श्रद्धालुओं से अपील की है कि मैं एक दिन सभी काम छोड़कर मंदिर प्रांगण में सफाई के लिए आऊंगा आप भी साथ दे। इस अवसर पर सुंदरकांड समिति अध्यक्ष संचिता गुप्ता ने पंडाग्रे को और उनकी धर्मपत्नी को शाल श्रीफल अके अलावा रामायण की बुक भेंट करके उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर परनिशा पांडे,नीलम सिंह, रेनू एरुलू, राजश्री अग्रवाल, संध्या वर्मा,नम्रता तिवारी, संकुलता भारती, महेंद्र सिक्केवाल,यादव राव धोटे, जीडी कावड़कर,नवनीत गुप्ता, सोमनाथ पाल सहित अन्य महिलाएं कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित थीं। सुंदरकांड समिति राम मंदिर के माध्यम से भजनों के कार्यक्रम के समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।



**कल्यानेश्वर शिव मंदिर में हुआ सुंदरकांड:** विद्युत नगरी सारनी के सतना लाइन में स्थित श्री कल्यानेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में बैतूल से आए श्रद्धालुओं के माध्यम से संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया यह रात 9 बजे से लेकर रात दो बजे तक मैं सुंदरकांड का आयोजन चला रहा।बैतूल के कलाकारों के माध्यम से फिल्मी धुन पर भी सुंदरकांड की प्रस्तुति देने का कार्य किया गया। कार्यक्रम स्थल पर ऐसी स्थिति निर्मित हो गई थी कि कार्यक्रम का शुभारंभ रात 9 बजे शुरू हुआ और श्रद्धालु सुंदरकांड से इस तरह प्रभावित हुए कि अपने आपको नाचे झूम से भी नहीं रोक पाए। इस वजह से रात दो बजे तक कार्यक्रम का आयोजन चला रहा इस कार्यक्रम में भंडारे का आयोजन भी किया गया इस अवसर पर श्री कल्यानेश्वर शिव मंदिर समिति के माध्यम से बैतूल से आए कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित करने का कार्य किया गया।

### जागरण और भंडारे का आयोजन आज

**सारनी, देशबन्धु।** सावन के अंतिम सोमवार के पावन अवसर को देखते हुए तिरुपति बालाजी वार्ड क्रमांक 12 में पंचू खान के माध्यम से विशाल देवी जागरण एवं भंडारे का आयोजन सोमवार को आयोजित किया गया है। आयोजक समिति के पदाधिकारी ने बताया कि सावन का अंतिम सोमवार होने की वजह से तिरुपति बालाजी वार्ड क्रमांक 12 के पीपल के पेड़ पर स्थित शिवलिंग पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करने के बाद दोपहर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को रात 8 बजे से लेकर देर रात तक जबलपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के कलाकार शामिल रहेंगे।

## सार समाचार

### साढ़े तीन लाख की अवैध शराब और महुआ लाहन जब्त



**इटारसी, देशबन्धु।** आबकारी विभाग ने आज कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के दिशा निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में वृत्त इटारसी शहर में आबकारी दल द्वारा बैंक कॉलोनी के पास गोपाल नगर से एक रहवासी मकान की तलाशी में 6 पेटी विदेशी शराब व्हिस्की (ब्लू चिप ब्रांड) जब्त की गयी।

जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर ने बताया कि जब्त शराब की कुल मात्रा 54 लीटर होने पर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34/2 (क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह शराब इटारसी शहर में अवैध रूप से विक्रय करने के उद्देश्य से संग्रहित की गई थी। आरोपी संजय रैकवार पिता नारायण प्रसाद रैकवार उम्र 52 वर्ष, निवासी बैंक कॉलोनी थाना इटारसी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### जिलाबदर के आरोपी को पुलिस ने अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया

**इटारसी, देशबन्धु।** शहर में मादक प्रदार्थ की ब्रिकी को रोकने पुलिस सिटी पुलिस ने एसपी गुरुकरन सिंह के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान, टीआई गौरव बुंदेला के नेतृव्य में जिलाबदर का आरोपी अली पिता सलीम अली ईरानी को अवैध गांजे के साथ आज फिल्टर प्लांट व्यंकटेश नगर पुरानी इटारसी से गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिटी पुलिस के एसआई सुनील घावरी, एएसआई संजय रघुवंशी ने पुलिस बल के साथ का आरोपी अली पिता सलीम अली को 5 किलो 277 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने फिल्टर प्लांट व्यंकटेश नगर पुरानी इटारसी से आज गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत 75 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी अली के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

आठ दिन सर्वे के बाद वापस लौट गये प्रवासी विधायक, अंतिम दिन मीडिया से बोले

# भाजपा के प्रति जनता में संतोष के भाव

- टिकट और असंतोष होने जैसे कई सवालों से जवाब देने से बचते रहे



**इटारसी, देशबन्धु।** बिहार से नर्मदापुरम जिले के विधानसभा क्षेत्रों में आए प्रवासी विधायक आज लौट गये हैं। नर्मदापुरम विधानसभा में बिहार के बेनीपट्टी क्षेत्र से आये बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं विधायक विनोदनारायण झा ने अपने प्रवास के अंतिम दिन मीडिया से चर्चा में कहा कि क्षेत्र में माहौल भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में है। जनता मप्र सरकार के कामकाज से संतुष्ट है और पुन: मप्र में भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेगी।विश्राम गृह में नर्मदापुरम विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, नर्मदापुरम से वरिष्ठ नेता राजेश तिवारी, महेन्द्र यादव भी मौजूद थे। श्री झा ने कहा संगठन के कार्यों में एकरूपता बनी रहे, एकदूसरे के कामों की समीक्षा करते रहते हैं। नर्मदापुरम आने का सौभाग्य मिला, यहां के रीति-रिवाज देश की संस्कृति के अनुरूप ही हैं।

उन्होंने कहा कि इतने लंबे समय तक एक ही दल की सरकार होने के बावजूद एंटी इनकंवेंसी नहीं होना इस बात का प्रमाण है कि यहां के लोग सरकार के कामकाम से संतुष्ट हैं। यहां उन्हें प्रो इनकंवेंसी देखने को मिली, इसका कारण है कि पंद्रह माह की कांग्रेस सरकार ने जो वादाखिलाफी की, इससे लोगों को कांग्रेस की सच्चाई का पता चल गया कि वे लोग केवल कहते हैं, करते नहीं जबकि भाजपा जो कहती है, वह करती भी है। उन्होंने दावा किया के भाजपा दो तिहाई बहुमत से सरकार बनायेगी। मप्र में रोजगार को लेकर युवाओं के असंतोष पर कहा, जब हम काम करते हैं तो अपेक्षाएं भी बढ़ जाती हैं, जो रह गया है, अगली पंचवर्षीय में उसे पूरा किया जाएगा। टिकट किसे मिले, इस सवाल पर झा ने कहा कि यह काम संगठन और पार्टी सिस्टम का है, यह उनका काम नहीं है। कुछ अंतुष्ट कार्यकर्ताओं के सवाल पर बोले, यह होना नहीं चाहिए, हमने उनसे भी बात की है। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की धुरी होते हैं और इसलिए आपके माध्यम से सारा समाज विभिन्न बातों से अवगत होता है। उन्होंने प्रवासी विधायक श्री झा और पत्रकारों का भी आभार व्यक्त किया।

# अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते 4 डंपर जप्त



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** एनजीटी की रोक के बावजूद जिले में मां नर्मदा और तवा नदी से रेत का अवैध उत्खनन नहीं रुक पर रहा है। माफिया बेखौफ होकर खदानों से रेत चोरी कर रहे। डंपर में रेत भरकर भोपाल, इंदौर, खंडवा समेत प्रदेश के अन्य शहरों में भेज रहे हैं। शनिवार को राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये ग्राम मनवाड़ा से बिना नंबर का टाटा डंपर को रेत का अवैध उत्खनन करने पर जप्त कर पुलिस अभिरक्षा माखननगर थाने में रखा गया है। संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पवारखेड़ा, मनवाड़ा, गुराड़ियामोती, आंचलखेड़ा में नदी के किनारे चोरी के संभावित अस्थायी मार्गों में गडढे भी किये गये है, जिससे रेत की चोरी न हो सके। वही रविवार को प्रात: खनिज विभाग के अमले द्वारा ग्राम चपलासर से रेत का अवैध उत्खनन करते हुये डम्पर कमांक एमपी 28 एच 4299, एमपी 48एच 5560 एवं टीएस 05 यूडी 1370 को जप्त कर कृषि मंडी नर्मदापुरम में पुलिस अभिरक्षा दिया गया है।

उक्त कार्यवाही में तहसीलदार, नायब तहसीलदार माखननगर, प्रभारी खनि निरीक्षक, खनिज सिपाही एवं होमगाड बल उपस्थित रहे। उक्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही हैं।

# पत्रकार संघ ने किया समाजसेवी सिद्धवानी का सम्मान



**इटारसी, देशबन्धु।** झूलणं सेवा समिति के संरक्षक, हरिओम संस्था के संस्थपक सदस्य गोपाल सिद्धवानी को आज नर्मदापुरम राष्ट्रीय पत्रकार संघ ने भगवान झूलेलाल चालीहा के 25 वर्ष होने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया। इस अवसर पर गरीब परिवारों में हुई मौत और लावारिश लाशों के अंतिम संस्कार में वर्षों से दिये जा रहे और कोरोना काल में दिये उनके योगदान को भी याद किया गया।

सिंधी कालोनी के भगवान झूलेलाल मंदिर में हुए सम्मान समारोह में गोपाल सिद्धवानी को शॉल-श्रीफल, सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इससे पहले पत्रकारों ने उनका माल्यार्पण से स्वागत भी किया।

इस अवसर पर पूज्य पंचायत सिंधी समाज के अध्यक्ष धर्मदास मिहानी, नर्मदापुरम राष्ट्रीय पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रमोद पगारे, उपाध्यक्ष अनिल मिहानी, कोषाध्यक्ष राजेश दुबे, वरिष्ठ पत्रकार शैलेष जैन, संभागीय अध्यक्ष रोहित नागे, उपाध्यक्ष सुश्री मंजू ठाकुर, गिरीश पटेल, राजकुमार बावरिया, राहुल शरण, बसंत चौहान, इंद्रपाल सिंह, मनीष ठाकुर, भूपेन्द्र विश्वकर्मा, ओम पटेल, तुषार सपकाल, धनश्याम तिवारी, संगठन सहसचिव पुनीत मालवीय, मंगेश यादव सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन पूज्य पंचायत सिंधी समाज के पूर्व अध्यक्ष मोहन चेलानी ने किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल मोरवानी भी उपस्थित थे।

सिंधी समाज के सैंकड़ों सदस्यों की मौजूदगी में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद पगारे ने कहा कि गोपाल सिद्धवानी समाज का एक हीरा है, इनके सामाजिक कार्यों के कारण ही उनको आज सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने सिद्धवानी परिवार को समाजसेवा में योगदान देने के लिए धन्यवाद भी दिया।

## राज्य सेवा पात्रता परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा पात्रता परीक्षा 2022 की परीक्षा रविवार 27 अगस्त को आयोजित की गई। जिले में भी निर्धारित 08 केंद्रों पर एक पाली में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह निर्देशन में नियुक्त सभी विशेष वाहक दल एवं उड़नदस्ता दल द्वारा निर्धारित केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। शासन द्वारा नर्मदापुरम संभाग के लिए नियुक्त संभागीय पर्यवेक्षक सेवा निवृत्त उच्च न्यायिक सेवा एनसी नागराज द्वारा भी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल फरहीन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में परीक्षा का सफल आयोजन किया गया है। नकल का एक भी प्रकरण प्राप्त नहीं हुआ है। 08 केंद्रों पर कुल दर्ज 2470 परीक्षार्थियों में से 1908 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए उपस्थित हुए। जिनमें 874 पुरुष एवं 1034 महिला परीक्षार्थी शामिल हैं। कुल 562 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

# कलेक्टर ने नागरिकों से की मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का यह अंतिम अवसर है। मतदाता सूची का अवलोकन जरूर करें। वे यह देखें की मतदाता में उनका नाम है या नहीं। मतदाता सूची में नाम न होने पर वे आवेदन कर अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन एवं निरसन के लिये रविवार 27 अगस्त से 31 अगस्त तक विशेष शिविर आयोजित किए जायेंगे। जिले में 31 अगस्त तक मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य होगा। कोई भी नागरिक संबंधित मतदान केन्द्रों पर बीएलओ के पास जाकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़ा है या नहीं देख सकते हैं। आगामी 31 अगस्त तक प्रत्येक मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित रहेंगे। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और बीएलओ द्वारा भी घर-घर जाकर आवेदन लिए जाएंगे। कलेक्टर ने बताया कि जो नागरिक 1 अक्टूबर 2023 की तारीख पर 18 साल की उम्र पूरी कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन लिए जा रहे हैं। आगामी 31 अगस्त तक प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण 22 सितंबर 2023 तक किया जाएगा। उन्होने बताया कि 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। नाम जुड़ने के बाद स्पीड पोस्ट के माध्यम से संबंधित मतदाताओं के वोटर आईडी कार्ड दिए गए पते पर पहुंचाये जायेंगे। उन्होने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया मोबाइल एप अथवा पोर्टल के माध्यम से भी ऑनलाइन की जा सकती है।

# महर्षि दयानंद गुरुकुल आश्रम में संस्कृत महोत्सव शुरु



- तीन दिन चलेगा संस्कृत दिवस महोत्सव
- ओम के ध्वज का ध्वजारोहण कर आगाज
- ब्रह्मचारियों ने आगंतुकों को तिलक लगाया

**इटारसी, देशबन्धु।** महर्षि दयानंद गुरुकुल आश्रम जमानी में आज से तीन दिवसीय संस्कृत दिवस महोत्सव का आयोजन प्रारंभ हुआ। शुभारंभ आश्रम के बालकृष्ण मालवीय ने ओम ध्वज का ध्वजारोहण करके किया। उपस्थित ब्रह्मचारियों ने आगंतुकों का तिलक लगाकर स्वागत किया।

संस्कृत दिवस महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर विशेष यज्ञ का आयोजन किया, बच्चों ने संस्कृत में भाषण दिया और गीत गाये। इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कार प्रदान किये और मिष्ठान का वितरण भी किया गया। आचार्य सत्यप्रिय ने संस्कृत में अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालकृष्ण मालवीय ने कहा कि श्रावणी पर्व प्रायश्चित का पर्व है। यह श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है।

यज्ञोपवीत धारी ब्रह्मचारी यज्ञोपवीत बदलते हैं और इसी दिन देव भाषा संस्कृत का दिवस भी मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत पूर्ण रूप से परिष्कृत भाषा है। उन्होंने अपने उद्बोधन में इसरो प्रमुख सोमनाथन के उस कथन को भी कोट किया जिसमें उन्होंने संस्कृत को विज्ञान के निकट होने की बात कही थी। कार्यक्रम का संचालन आचार्य राहुल ने किया। गुरुकुल के व्यवस्थापक सत्यप्रिय ने वैदिक हवन संपन्न कराया एवं सामवेद के मंत्रों का गायन किया।

# कांग्रेस की मण्डलम स्तरीय बैठक में विस चुनाव की तैयारियों पर मंथन



**इटारसी, देशबन्धु।** नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी द्वारा गठित चार मण्डलमो में नाला मोहल्ला एवं मालवीयगंज मण्डलम कीआज हुई बैठक में मतदाता पुनरीक्षण कार्य एवं आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की गयी।

बैठक में प्रमुख रूप से मण्डलम के साथ ही सेक्टर वार्ड के अध्यक्ष एवं बीएलए उपस्थित रहे। नाला मोहल्ला मंडलम की बैठक सुहाग मैरिज हाल एवं मालवीजगंज मण्डलम की बैठक सरला मंगल भवन में आयोजित की गयी जिसमें प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शिवराज चंद्रोल, इटारसी नगर कांग्रेस के अध्यक्ष मयूर जायसवाल, नाला मोहल्ला मण्डलम अध्यक्ष समीर खान, मालवीगंज मण्डलम अध्यक्ष देवी मालवीय के साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव के संभावित प्रत्याशी एवं उक्त मण्डलम में आने वाले सभी वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भंडारे एवं शोभायात्रा के साथ हुआ चालीहा महोत्सव का समापन

# झूलेलाल चालीहा पर्व, 110 लोगों ने रखा व्रत



**इटारसी, देशबन्धु।** भगवान श्री झूलेलाल चालीहा व्रत महोत्सव आस्था और भक्ति के साथ मनाया। रविवार को समापन पर भगवान श्री झूलेलाल की महाआरती एवं भंडारे में हजारों भक्तों ने शामिल होकर धर्मलाभ लिया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम के समय शोभायात्रा निकाली गई। 25 वें वर्ष में आयोजित महोत्सव के मौके पर 25 बहराणा साहब का निर्माण किया और 110 लोगों ने व्रत रखा।

पूज्य पंचायत सिंधी समाज एवं झूलण सेवा समिति, सिंधु विकास समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 16 जुलाई से भगवान श्री झूलेलाल चालीहा महोत्सव व्रत शुरू हुआ था। प्रतिदिन सुबह भगवान श्री झूलेलाल मंदिर में विशेष आरती पूजन एवं रात में साढ़े नौ बजे से देर रात तक भजन संकीर्तन एवं धार्मिक आयोजन 40 दिनों तक किए।

चालीहा व्रत महोत्सव के समापन पर रविवार को सुबह गुजरात से आए ठकुर सांई मनीष लाल की मौजूदगी में 25 बहराणा साहब का निर्माण कर विशेष पूजन अर्चन एवं महाआरती की गई। पूज्य पंचायत सिंधी समाज के अध्यक्ष धर्मदास मिहानी एवं अन्य समितियों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस आयोजन के लिए जबलपुर की शहनाई टीम ने संगीतमय प्रस्तुति दी। महाआरती के पश्चात मंदिर परिसर में भजन संकीर्तन सामूहिक रूप से आयोजित किया जिसमें बड़ी संख्या में सिंधी समाज के महिला पुरूष एवं बच्चे मौजूद रहे। दोपहर दो बजे से विशाल भंडारे में बड़ी संख्या मेंगणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि पहुंचे। नगरपालिका कार्यालय के पास जरूरतमंदों को प्रसाद वितरण किया।

शाम छह बजे शोभायात्रा भगवान श्री झूलेलाल मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई जिसमें महिलाओं ने बहराणा साहब को सिर पर रखकर ढोल ढमाके के साथ सिंधी कालोनी की विभिन्न लाइनों में शोभायात्रा पहुंची। जहां समाज के लोगों ने अपने-अपने घर के सामने पूजन अर्चन किया। देर शाम यह शोभायात्रा सिंधी कालोनी गली नंबर एक मां शेरावाली दरबार पहुंचकर मां नर्मदातट के लिए रवाना हुए। शोभायात्रा में मौजूद समाज के लोग भगवान श्री झूलेलाल जी की भक्ति में थिरकते हुए नजर आए।

### 25 साल पहले शुरू हुआ था चालीहा महोत्सव

शहर के सिंधी कालोनी में भगवान श्री झूलेलाल चालीहा व्रत महोत्सव की शुरूआत 25 साल पहले 1999 से छोटे से रूप में प्रारंभ हुआ था। धीरे-धीरे यह चालीहा महोत्सव आज भव्य रूप ले चुका है। झूलण सेवा समिति के संस्थापक गोपाल सिद्धवानी के अनुसार चालीहा महोत्सव के तहत 40 दिनों तक व्रत रखना पड़ता है। यह काफी कठिन होता है, क्योंकि इस व्रत को रखने वालों को 40 दिनों तक कठिन नियमों का पालन करना होता है। बावजूद इसके धीरे-धीरे समाज के लोगों में आस्था बढ़ने के साथ व्रत रखने वालों की भी संख्या बढ़ी है। इस बार 110 लोगों ने व्रत रखकर भगवान श्री झूलेलाल की आराधना की है। शहर के अलावा अनेक शहरों से भक्त लोग आकर यह व्रत रखते हैं, आरती मे शामिल होते हैं। उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। यह मनोकामना पूर्ण व्रत कहलाता है। व्रत रखने वाले कई लोगों की मनोकामनाए भी पूर्ण हुई हैं।

विस चुनाव में महिलाओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने निकाली रैली

# सीएमओ ने महिलाओं से कहा- अपनी पसंद की सरकार बनाएं



- प्रलोभन या बहकावे में आये बिना करें मताधिकार का प्रयोग
- मताधिकार आपकी ताकत है और नैतिक मतदान जिम्मेदारी

**इटारसी, देशबन्धु।** इस विधानसभा चुनाव में महिलाओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के और महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती रितु मेहरा ने नाला मोहल्ला के वार्डों में पहुंचकर वहां की महिला मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मताधिकार आपकी ताकत है और नैतिक मतदान आपकी जिम्मेदारी। अपने पसंद की सरकार बनाने के लिए आपको अनिवार्य रूप से मतदान करना चाहिए।

सीएमओ श्रीमती मेहरा ने कहा कि न सिर्फ स्वयं मतदान करें, वरन् अपने परिवार और आसपास की ऐसी बच्चियां जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो गयी हो, उनके नाम भी मतदाता सूची में जुड़वाने की पहल करें और उनको भी मतदान के लिए प्रेरित करें। नाला मोहल्ला क्षेत्र के वार्ड 24, 25, 26 की महिलाओं को सीएमओ ने संबोधित किया और उनसे अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास के सहयोग से वार्डों में रैली निकाली निकाली गयी। रैली में बताया कि किसी भी प्रकार के बहकावे और प्रलोभन में न आते हुए अधिक से अधिक मतदान करें और अपनी पसंद की सरकार बनायें। रैली में नगर पालिका और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और वार्डों की महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी श्रीमती प्रीति शुक्ला, बीएलओ और मतदान केन्द्र क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रहे।

### इनका कहना है

*विधानसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से आज महिलाओं को प्रेरित किया और मतदान केन्द्रों में महिला जागरुकता रैली भी निकाली। ऐसे ही कार्यक्रम आगे भी किये जाएंगे ताकि महिलाओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके।*

***श्रीमती रितु मेहरा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी***

लोधी-लोधा-लोध क्षत्रीय महासभा के महासम्मेलन में शामिल हुए शिवराज, कहा-

# प्रदेश के विकास में लोधी समाज का महत्वपूर्ण योगदान



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लोधी समाज का स्वाधीनता आंदोलन में और मध्यप्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लोधी समाज देश का गौरव है। वीरांगना रानी अवंतीबाई ने राष्ट्र के लिए रक्त की अंतिम बूंद दे दी। उनके बलिदान दिवस पर मध्यप्रदेश में ऐच्छिक अवकाश के साथ ही प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर प्रतिमा स्थापना की पहल भी की गई है। लोधी-लोधा-लोध समाज के कल्याण के लिए रानी अवंती बाई कल्याण बोर्ड का गठन भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज भोपाल के माता मंदिर क्षेत्र में अटल पथ के पास लोधी-लोधा-लोध क्षत्रीय महासभा के महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती भी उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लोधी-लोधा-लोध क्षत्रीय महासभा द्वारा दिए गए सुझाव पत्र पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती के आग्रह पर प्रदेश में मदिरा दुकानों के अहाते बंद करने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। सुश्री उमा भारती द्वारा प्रदत्त मार्गदर्शन का भविष्य में भी प्रदेश हित में लाभ लिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रारंभ में वीरांगना रानी अवंती बाई के प्रति पुष्प सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में लोधी समाज के संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री आज गांधी मेडिकल कॉलेज में 2 हजार बिस्तर वाले अस्पताल का लोकार्पण करेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार-28 अगस्त को गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल में 482 करोड़ 5 लाख रूपये की लागत से निर्मित 2000 बिस्तरीय अस्पताल एवं इमरजेंसी मेडिसिन विभाग का लोकार्पण और 17 करोड़ 52 लाख रूपये की लागत के नवीन ओ.पी.डी. भवन, 27 करोड़ 4 लाख रूपये की लागत के नर्सिंग कॉलेज, हॉस्टल एवं ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम हमीदिया चिकित्सालय परिसर गांधी चिकित्सा महाविदयालय में शाम 4 बजे होगा।

लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, नगरीय विकास मंत्री भूपेन्द्र सिंह कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग समारोह की अध्यक्षता करेंगे। सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय विधायक रामेश्वर शर्मा विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक विष्णु खत्री विधायक आरिफ अकील, पूर्व महापौर आलोक शर्मा उपस्थित रहेंगे।

## मुख्यमंत्री ने सेवा परमो धर्म वाहन रैली का किया स्वागत

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लिंक रोड नं.1 पर स्थित बी-8, 74 बंगला पर करूणाधाम आश्रम की सेवा परमो धर्म वाहन रैली का स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने करूणाधाम पीठाधीश्वर गुरूदेव सुदेश शांडिल्यजी महाराज का पुष्पहार पहनाकर और रैली पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि नेहरू नगर स्थित करूणाधाम आश्रम में 27 से 29 अगस्त तीन दिन तक गुरूदेवालय स्थापना समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। बैरागढ़ के चंचल चौराहे से वाहन रैली शुरू हुई और भोपाल के विभिन्न मार्गों से होते हुए करूणाधाम आश्रम पहुंचेगी।

कमलनाथ ने किए 11 वादे, बोले-

# डूबती नैय्या बचाने सरकार रोज बदल रही मुखौटे



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को लेकर वादो और दावों की सियासत तेज हो गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जहां एक के बाद एक घोषणाएं कर विभिन्न वर्गों को साधने में जुटे हैं, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज प्रदेश की जनता से 11 वादे किए हैं। उन्होंने कहा कि शिवराज सरकार जनता को राहत देने नहीं बल्कि अपनी डूबती नैय्या को बचाने रोज मुखौटे बदल रही है।

कमलनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार इस समय जनता को राहत देने के लिए बनीं बल्कि अपनी डूबती नैय्या बचाने के लिए रोज मुखौटे बदल रही है। 18 साल के शासनकाल के बाद भी जिन्हें चुनावी चाल चलना पड़े, वो दल और उनकी सरकार बनावटी, दिखावटी और सजावटी है। जो जनता को कभी हित नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह, 500 रुपए में गैस सिलेंडर, 100 यूनिट बिजली बिल माफ और 200 यूनिट का हाफ, किसानों का कर्ज माफ होगा, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ, किसानों को 5 हॉर्स पावर बिजली बिल माफ, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का लाभ, 12 घंटे सुनिश्चित सिंचाई बिजली, जातिगत जनगणना का लाभ दिया जाएगा और किसान आंदोलन के मुकदमे वापस लिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रक्षाबंधन से पूर्व रविवार को बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 312.64 करोड़ रुपए की राशि अंतरित कर उन्हें विशेष उपहार दिया। उन्होंने कहा कि बहनों को प्रतिमाह दी जा रही राशि एक हजार रूपए के स्थान पर अब अक्टूबर माह से 1250 रुपए की राशि दी जाएगी।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने किया सवाल

# कमलनाथ ने 15 महीने में कौन सा वचन पूरा किया



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा की गई 11 वचनों की घोषणा पर पलटवार किया। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए सवाल किया कि कमलनाथ ने 15 महीने में अपने कौन से वचन को पूरा किया? उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य से निकालकर विकसित राज्य बनाया है।

श्री शर्मा ने दिग्विजय सिंह पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह जैसे बंटाधार चंद्रयान 3 पर सवाल खड़े कर रहे हैं। वह देश को लगातार बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। यही नहीं उन्होंने कहा कमलनाथ और दिग्विजय सिंह झूठ बोलने की मशीन बताया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश स्वर्णिम प्रदेश बनेगा। श्री शर्मा यह भी कहा कि मीडिया के मित्र भी समाज के अभिन्न अंग है। चौथे स्तंभ हैं और समाज के वास्तविक परिदृश्य को सामने लाने का कार्य करते हैं। ऐसे में मीडिया को भी कमलनाथ जैसे लोगों से जनता हित में सवाल जरूर पूछना चाहिए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**लाड़ली बहना योजना में....** का कार्य किया। बहनों के जीवन को सँवारने के संकल्प को बाद में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रकट किया। यह संकल्प महिला कल्याण योजनाओं का आधार बना। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वे बेटियों और बहनों की आँखों में आँसू नहीं देख सकते। बहनों की जिंदगी बदलना जीवन का संकल्प है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पुलिस सहित अन्य शासकीय भर्तियों में 35 प्रतिशत बहनों को नियुक्तियां दी जायेंगी। शिक्षकों के पदों पर 50 प्रतिशत बहनें नियुक्त होंगी। स्थानीय निकायों में एल्डरमैन और अन्य पदों पर महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी। बहनों और बेटियों को बेहतर शिक्षा का प्रावधान करते हुए बहनों की शिक्षण फीस शासन द्वारा दी जायेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनों का सम्मान सर्वोपरि है। यदि बहनें नहीं चाहेंगी तो किसी क्षेत्र में मदिरा की दुकान नहीं खुलेगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहनें आजीविका मिशन के अंतर्गत आ जाएंगी तो उन्हें सभी आवश्यक लाभ मिलेंगे। पथ विक्रेता योजना का लाभ मिलेगा। छोटे-मोटे उद्योग के लिए इंडस्ट्रियल स्टेट में भूखंड मिलेगा। प्रदेश में बहनों के नाम स्टाम्प शुल्क अब एक प्रतिशत कर दिया गया है। लक्ष्य यह है कि बहनों की मासिक आमदनी कम से कम 10 हजार रुपए हो जाए। लाड़ली बहना सम्मेलन में श्री चौहान के साथ महिला जनप्रतिनिधि मंच पर उपस्थित थीं। राज्यसभा सदस्य सुश्री कविता पाटीदार, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, भोपाल जिले के गोविंदपुरा क्षेत्र की विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, विदिशा जिले के शमशाबाद क्षेत्र की विधायक सुश्री राजश्री सिंह,भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया।

**फूलों का तारों का सबका....** सकता हूँ मैं, कुछ भी होते हुए, नहीं मैं नहीं देख सकता, तुझे रोते हुए सुनकर सम्मेलन में मौजूद बहनें भावुक हो गईं। श्री चौहान ने तीसरा गीत भी बहुत भावपूर्ण ढंग से सुनाया। फूलों का तारों का सबका कहना है, एक हजारों में मेरी बहना है। इसके अलावा गायक - गायिकाओं द्वारा बहना ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है, प्यार के दो तार से संसार बांधा है, रेशम की डोरी से संसार बांधा है की भी पेशकश हुई। इन गीतों से सम्पूर्ण वातावरण पारिवारिक हो गया।

**इंडिया गठबंधन में कुछ और....** मिलकर इस अहंकारी सरकार को कैसे हटा सकते हैं।' कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों में कोई भी नेतृत्व कर सकता है, लेकिन कांग्रेस देश में सभी को एकजुट करने के लिए सभी राज्यों में एक मजबूत ताकत के रूप में काम करेगी। साल 2024 'इंडिया' का है।


उन्होंने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री मोदी से पूछना चाहता हूं कि वह नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की हालिया रिपोर्ट और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) तथा स्वास्थ्य एवं बीमा क्षेत्रों में सामने आए भ्रष्टाचार की सीबीआई और ईडी से जांच कब कराएंगे।'

**प्रशासन का स्कूल बंद करने....** बिना मान्यता के संचालित स्कूल को बंद करने के आदेश दिए गए हैं। आगे विभागीय कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को सामने आए वीडियो में स्कूल की महिला शिक्षक ने टेबल याद न करने पर बच्चे को उसके सहपाठियों से थप्पड़ लगवाए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**जादवपुर विवि में रैगिंग रोकने....** उनका काम मुख्य रूप से विश्वविद्यालय परिसर के भीतर निर्धारित कार्य घंटों की समाप्ति के बाद परिसर के भीतर गहन गश्त करना होगा। इस मद में वार्षिक अनुमानित लागत लगभग तीन करोड़ रुपये होगी। जेयू के अंदरूनी सूत्रों ने स्वीकार किया कि सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने या पूर्व सैनिकों की तैनाती को लेकर विश्वविद्यालय के छात्रों के एक वर्ग के बीच अभी भी आपत्ति है। नाम न छापने की शर्त पर जेयू के एक संकाय सदस्य ने कहा, वे यह समझने में असफल हो रहे हैं कि यदि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उल्लिखित रैगिंग विरोधी दिशानिर्देशों को अभी भी लागू नहीं किया गया है, तो भविष्य में विश्वविद्यालय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जो अंततः छात्रों के करियर में बाधा डाल सकता है।

वीएचपी यात्रा पर अड़ा, इंटरनेट, स्कूल-कॉलेज बंद

# नूंह में यात्रा की अनुमति नहीं



**नूंह,एजेंसियां।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 28 अगस्त को नूंह में दोबारा ब्रजमंडल यात्रा निकालने की अनुमति नहीं दी गई है। नूंह में एक महीना पहले ही हिंसक घटना हुई है, उसको लेकर सावधानी रखने की जरूरत है। मंदिरों में पूजा-अर्चना करना सबका अधिकार है। उन्हें श्रद्धा के अनुसार छूट मिलनी चाहिए। उधर विश्व हिंदू परिषद(वीएचपी) यात्रा को लेकर अड़ी हुई है। खट्टर ने ये भी कहा कि हमने लोगों से अपील भी की है कि वे नूंह की तरफ यात्रा करने से बचें और अपने नजदीकी मंदिरों में ही जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करें। सुरक्षा रखना सरकार का दायित्व है। लॉ एंड ऑर्डर बना रहे, यह सरकार की कोशिश है। इससे पहले नूंह प्रशासन भी यात्रा की अनुमति से इनकार कर चुका है। तनाव को देखते हुए यात्रा से एक दिन पहले, रविवार को ही नूंह में धारा 144 लगा दी गई। स्कूल-कॉलेज और मोबाइल इंटरनेट सेवाएं 28 अगस्त तक बंद हैं। पुलिस ड्रोन से निगरानी कर रही है।

### अनुमति लेने का सवाल नहीं उठता: बंसल

नूंह में 31 जुलाई को अधूरी रह गई ब्रजमंडल यात्रा पूरी करने संबंधी सवाल पर विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा- 28 अगस्त को सुबह 11 बजे यात्रा की शुरुआत करेंगे। यात्रा की अनुमति लेने का सवाल ही नहीं उठता। 28 को सावन का आखिरी सोमवार है और हर श्रद्धालु का अधिकार है कि वह अपने इष्ट का जलाभिषेक करे। उन्होंने कहा कि यह एक धर्मपरायण देश है, यहां किसी भी यात्रा के लिए अनुमति नहीं ली जाती। बंसल ने सवाल किया कि क्या कभी कुंभ के लिए अनुमति ली जाती है?

### यात्रा को छोटा करेंगे मगर छोड़ेंगे नहीं: आलोक कुमार


वीएचपी नेता आलोक कुमार ने कहा है कि 31 जुलाई को यात्रा बीच में छूट गई थी। उसे सावन के सोमवार को पूरा करना जरूरी है। 28 अगस्त को सावन का आखिरी सोमवार है। हमें मालूम हैं कि जी-20 देशों की मीटिंग होने वाली है जिसमें 27 देशों के लोग आ रहे हैं। मेवात का इलाका संवेदनशील है इसलिए हम उस यात्रा को छोटा करेंगे, लेकिन छोड़ेंगे नहीं।

### नूंह में ड्रोन से नजर

सोमवार को ब्रजमंडल यात्रा निकालने के ऐलान को लेकर नूंह में पुलिस हाईअलर्ट पर है। पुलिस की ओर से संवेदनशील इलाकों की निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है।

एक वर्ष में 200 से अधिक जगहों पर हुई छापेमारी, मुख्यमंत्री ने कहा-

# लोकतंत्र के लिए खतरा बन गई ईडी



**रायपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)पर भाजपा के राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के राज्य प्रभारी के दिए बयान से स्पष्ट हैं कि भाजपा राज्य में ईडी के बलबूते विधानसभा चुनाव लड़ेगी। श्री बघेल ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रविवार को सरगुजा में भाजपा के प्रभारी ओम माथुर ने ईडी की कार्यवाई पर कहा अभी चुनाव आते तक देखिए क्या-क्या होता है'। भाजपा प्रभारी का यह बयान यह साबित करने के लिए पर्याप्त है कि भाजपा ईडी के बलबूते चुनाव लड़ेगी? ईडी की कार्यवाई चुनाव को देखकर हो रही है। एक विभाग में गड़बड़ी नहीं पकड़ पाते दूसरे में लग जाते है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के सभी विभागों पर कार्यवाई यह दिखाने के लिए है कि छत्तीसगढ़ में हर जगह गड़बड़ी हैं।

### झूठे बयानों के आधार पर दुष्प्रचार

उन्होंने कहा कि राज्य में पिछले एक वर्ष में ईडी और आई.टी. अधिकारियों ने 200 से भी अधिक व्यक्तियों/संस्थाओं तथा शासकीय कार्यालयों में छापेमारी की गई है। ईडी के अधिकारियों द्वारा दमन और प्रताड़ना को हथियार बनाकर बिना चल-अचल संपत्ति की रिकवरी के झूठे बयानों के आधार पर सैकड़ों करोड़ के कथित कोयला घोटाला, शराब घोटाला, चावल घोटाला तथा अब महादेव ऐप्स घोटाला होने का दुष्प्रचार किया जा रहा है।

### धमकी देकर खिलवा रहे मनचाहा बयान

उन्होंने कहा कि ईडी अधिकारियों के लिए यह भी बायें हाथ का खेल है कि किसी भी गवाह से उसे जेल भेजने की धमकी देकर मनचाहा बयान लिखवा लिया जाता है। ईडी अधिकारियों द्वारा तैयार किए गये ब्यान अथवा झूठी कहानी की पुष्टि अपने बयान में करें अन्यथा उसे जेल भेज दिया जाएगा, जहां उसे जिंदगी भर जेल में सड़ना पड़ेगा। गवाहों की क्रूर पिटाई, उनसे गाली गलौज ईडी अधिकारियों के लिए सामान्य बात है।

जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारी जोरो पर

# सम्मेलन से पहले पुलिस ने की फुल ड्रेस रिहर्सल

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन की सम्मेलन की तैयारी जोरो पर है। दिल्ली ट्रैफिक यूनिट ने राष्ट्रीय राजधानी में आगामी जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले रविवार को फुल ड्रेस कारकेड रिहर्सल का आयोजन किया। शिखर सम्मेलन भारत की अध्यक्षता में 9 और 10 सितंबर को दिल्ली के प्रगति मैदान में नवनिर्मित भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के अधिकारी और नेता 8 सितंबर से राष्ट्रीय राजधानी में पहुंचना शुरू कर देंगे। केंद्र और दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि 8 से 10 सितंबर तक सभी कार्यालय और स्कूल बंद रहेंगे।

## सौंदर्यीकरण के लिए बंद रहे कई मार्ग

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा में जी20 समिट को लेकर सौंदर्यीकरण का काम किया जा रहा है, जिसके चलते डीएनडी फ्लाईओवर से जुड़े कई मार्गों पर बिजली लाइट लगाने का काम किया जारहा और कुछ मार्ग उसके चलते बंद रहे। रविार को डीएनडी टोल से ग्रेटर नोएडा की ओर उतरने वाले लूप पर पोल से लाईट बदलने का कार्य किया। इसके चलते सभी वाहनों का डीएनडी से ग्रेटर नोएडा की ओर उतरने वाले लूप-वे पर यातायात का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहा।






पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।